
गुरुवार, 15 जनवरी 2026

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 12 – 24 |
| आर्द्रता | 65% |
| सूर्योदय: 06:19 | सूर्यास्त: 17:12 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा



वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में रोहित को पीछे छोड़कर फिर से शीर्ष पर पहुंचे कोहली पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : दुनिया ज्ञान देती है परन्तु साथ कोई नहीं देता इसलिए बाज की तरह अकेले रहो।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# भारत ने ईरान में मौजूद अपने नागरिकों से देश छोड़ने को कहा



ईरान : मृतकों की संख्या बढ़कर 2,570 के पार

**नयी दिल्ली :** भारत ने बुधवार को ईरान में रह रहे अपने सभी नागरिकों से उपलब्ध साधनों के जरिये उस देश से निकलने और वहां की यात्रा से बचने को कहा है। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब तेहरान में जारी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों पर संभावित अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप को लेकर तनाव बढ़ रहा है। इन प्रदर्शनों में अब तक 2,570 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। ईरान में भारतीय दूतावास ने एक नया परामर्श जारी करते हुए बदलते हालात के मद्देनजर छात्रों, तीर्थयात्रियों, व्यापारियों और पर्यटकों समेत वहां मौजूद भारतीय नागरिकों को वाणिज्यिक उड़ानों सहित परिवहन के उपलब्ध साधनों का इस्तेमाल करके देश छोड़ने को कहा है। अनुमान के अनुसार, ईरान में फिलहाल लगभग 10,000 भारतीय रह रहे हैं, जिनमें छात्र भी शामिल हैं। दूतावास ने सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों (पीआईओ) को सावधानी बरतने, विरोध प्रदर्शनों या रैलियों वाले क्षेत्रों से बचने और भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने को कहा है। भारतीय नागरिकों से पासपोर्ट सहित अपने यात्रा और आव्रजन दस्तावेजों को तैयार रखने का भी आग्रह किया गया। ईरान में 'रेजिडेंट वीजा' पर रह रहे भारतीयों को भी दूतावास में पंजीकरण कराने की सलाह दी गई। दूतावास ने कहा कि यदि ईरान में इंटरनेट की समस्या के कारण कोई भारतीय नागरिक पंजीकरण कराने में असमर्थ है, तो भारत में उनके परिवारों से ऐसा करने का अनुरोध किया जाता है। दूतावास के अनुसार, ''ईरान में बदलती स्थिति के मद्देनजर वहां मौजूद भारतीय नागरिकों (छात्रों, तीर्थयात्रियों, व्यापारियों और पर्यटकों) को वाणिज्यिक उड़ानों सहित परिवहन के उपलब्ध साधनों का उपयोग करके देश छोड़ने की सलाह दी जाती है।'' भारत का यह परामर्श ईरान और क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि अगर ईरान प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई जारी रखता है तो वह सैन्य कार्रवाई करेगा।

**प्रधान न्यायाधीश ने मुकदमे और फांसी के संकेत दिए**

## ट्रंप की चेतावनी के बावजूद ईरान की न्यायपालिका के तेवर प्रदर्शनकारियों को लेकर सख्त

**दुबई :** ईरान के प्रधान न्यायाधीश ने सरकार विरोधी राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों के दौरान हिरासत में लिए गए लोगों के खिलाफ त्वरित सुनवाई और फांसी की सजा का संकेत दिया है। वहीं, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कहा कि मृतकों की संख्या बढ़कर 2,570 के पार हो गई है। ईरान के उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश गुलामहुसैन मोहसेनी-एजेई ने मंगलवार को एक वीडियो में, मुकदमे चलाये जाने और फांसी की सजा के बारे में टिप्पणी की। हालांकि, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि मृत्युदंड दिये जाने की स्थिति में वह ''बहुत कड़ी कार्रवाई'' करेंगे।

## जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री अराघची से बातचीत की; देश की बदलती स्थिति पर चर्चा

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से फोन पर बातचीत की और उस देश तथा उसके आसपास की बदलती परिस्थिति पर चर्चा की। यह बातचीत ऐसे समय हुई है, जब संभावित अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं।

# गंगासागर मेला : करीब 85 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डूबकी

**फ्रांस, यूक्रेन, नेपाल सहित कई देशों से श्रद्धालु गंगासागर पहुंचे**

### एक श्रद्धालु की समुद्र में डूबने से मौत, पांच बीमार श्रद्धालु एयरलिफ्ट कर भेजे गए कोलकाता



**गंगासागर, समाज्ञा :** मकर संक्रांति के पावन पूर्ण लग्न पर गंगासागर मेला जनज्वार में बदल गया। बुधवार की दोपहर 3 बजे तक करीब 85 लाख श्रद्धालुओं ने गंगासागर में पवित्र स्नान किया और कपिल मुनि मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद कचुबेरिया-लॉट 8 और नामखाना-बेनुबन मार्ग से सुरक्षित रूप से कोलकाता की ओर प्रस्थान किया। बुधवार को मेला ग्राउंड में आयोजित पत्रकार वार्ता में राज्य के मंत्री अरूप विश्वास ने बताया कि मेला पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से चल रहा है। उन्होंने कहा कि देश के हर राज्य के साथ-साथ फ्रांस, यूक्रेन, नेपाल सहित कई देशों से श्रद्धालु गंगासागर पहुंचे हैं और मेला की व्यवस्था व बुनियादी ढांचे की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को धन्यवाद दिया है। मंत्री ने यह सवाल भी उठाया कि इतनी विशाल अंतरराष्ट्रीय भागीदारी के बावजूद गंगासागर मेले को अब तक राष्ट्रीय मेला क्यों घोषित नहीं किया गया? श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मंदिर दर्शन में समय लग रहा है। मंत्री ने प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और धैर्य बनाए रखने की अपील की। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पुलिस के साथ सिविल डिफेंस वॉलंटियर, क्विक रिस्पॉन्स टीम, डीप व नेवल डाइवर, एनडीआरएफ और कोस्ट गार्ड 24X7 तैनात हैं। समुद्र तट की सफाई के लिए 3,000 से अधिक बीच गार्ड लगाए गए हैं। मेले में 150 सामाजिक संगठनों के करीब 10,000 स्वयंसेवक सेवा में लगे हैं। 'बंधन' फोटो बूथ के जरिए अब तक 5.75 लाख श्रद्धालुओं ने निःशुल्क फोटो प्रमाणपत्र प्राप्त किया है। ई-परिचय (क्यूआर कोड रिस्ट बैंड) की मदद से 4,860 बिछड़े श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाया गया। एक श्रद्धालु की समुद्र में डूबने से मृत्यु हुई है। वहीं, पांच बीमार श्रद्धालुओं को एयरलिफ्ट कर कोलकाता के एम.आर. बांगुर अस्पताल भेजा गया है।

## दो और स्वास्थ्यकर्मियों में निपाह वायरस का लक्षण, बेलघाटा आईडी अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता :** राज्य में निपाह वायरस को लेकर चिंता और बढ़ गई है। बर्धमान मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से जुड़े दो और स्वास्थ्यकर्मियों के शरीर में निपाह वायरस जैसे लक्षण पाए गए हैं। दोनों को तत्काल कोलकाता के बेलघाटा आईडी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, ये दोनों स्वास्थ्यकर्मी-एक नर्स और एक हाउस स्टाफ-उसी नर्स के इलाज से जुड़े थे, जो पहले से बर्धमान मेडिकल अस्पताल में निपाह संदिग्ध के रूप में भर्ती हैं। ड्यूटी के दौरान इनके शरीर में भी लक्षण दिखाई देने के बाद एहतियातन उन्हें कोलकाता स्थानांतरित किया गया। दोनों के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं और वे फिलहाल चिकित्सकीय निगरानी में हैं। स्वास्थ्य विभाग पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है और संक्रमण की आशंका को देखते हुए अस्पताल परिसर में सतर्कता और संक्रमण नियंत्रण के सभी प्रोटोकॉल सख्ती से लागू किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आम लोगों से घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन सावधानी बरतने की अपील की गई है।

**जम्मू-कश्मीर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा संरचना का महत्वपूर्ण स्तंभ: उत्तरी कमान के कमांडर** (पृष्ठ 7)

## विश्व बैंक ने 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत किया

**नयी दिल्ली :** विश्व बैंक ने मजबूत घरेलू मांग और कर सुधारों के दम पर चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। यह उसके जून के अनुमान से 0.9 प्रतिशत अधिक है। विश्व बैंक ने अपनी प्रमुख रिपोर्ट 'वैश्विक आर्थिक संभावनाएं' में यह भी कहा कि वर्ष 2026-27 में भारत की वृद्धि दर धीमी होकर 6.5 प्रतिशत रह सकती है। यह अनुमान इस धारणा पर आधारित है कि अमेरिका का 50 प्रतिशत आयात शुल्क इस दौरान लागू रहेगा। रिपोर्ट में कहा गया, ''इसके बावजूद उम्मीद है कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज वृद्धि दर बनाए रखेगा।''

## चांदी 15,000 रुपये उछलकर 2.86 लाख के नए शिखर पर, सोना भी 1.46 लाख के पार

**नयी दिल्ली :** चांदी की कीमत बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में 15,000 रुपये की जबर्दस्त उछाल के साथ 2,86,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी जबकि सोने की कीमत भी वैश्विक बाजार में मजबूत रुझानों के अनुरूप 1,46,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि चांदी ने लगातार चौथे दिन जोरदार तेजी जारी रखी। मंगलवार को 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई चांदी बुधवार को 5.5 प्रतिशत यानी 15,000 रुपये की अभूतपूर्व तेजी के साथ 2,86,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों समेत) पर पहुंच गई। यह चांदी के भाव का अब तक का सर्वोच्च स्तर है। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 1,500 रुपये चढ़कर 1,46,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों समेत) तक पहुंच गई। मंगलवार को पीली धातु 1,45,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुई थी।

## दो दौर की काउंसलिंग के बाद नीट-पीजी 2025 का कटऑफ घटाया गया

**नयी दिल्ली :** देशभर में 18,000 से अधिक स्नातकोत्तर मेडिकल सीट खाली रहने के कारण, राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान बोर्ड (एनबीईएमएस) ने नीट-पीजी 2025 प्रवेश के लिए अर्हता पर्सेंटाइल को संशोधित किया है। संशोधित व्यवस्था के तहत आरक्षित श्रेणियों के लिए पर्सेंटाइल को 40 से घटाकर शून्य कर दिया गया है। मंगलवार को एनबीईएमएस द्वारा प्रकाशित नोटिस के अनुसार, सामान्य श्रेणी के लिए नीट पीजी का कटऑफ 50 पर्सेंटाइल से घटाकर सात पर्सेंटाइल कर दिया गया है। यह निर्णय दो दौर की काउंसलिंग पूरी होने के बाद लिया गया है।

## लालू और तेजस्वी के खिलाफ आईआरसीटीसी घोटाला मामले में सुनवाई पर रोक नहीं लगाएंगे: अदालत

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह आईआरसीटीसी घोटाला मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव के खिलाफ चल रहे मुकदमे पर रोक नहीं लगाएगा। अदालत ने हालांकि कहा कि अधीनस्थ अदालत अगले से अगले सप्ताह गवाहों से जिरह कर सकती है, तब तक वह मामले में आरोप तय करने के अधीनस्थ अदालत के आदेश के खिलाफ पिता-पुत्र की याचिकाओं पर फैसला कर लेगी। राजद प्रमुख लालू प्रसाद की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बताया कि पिछली बार अदालत ने आरोप तय करने के खिलाफ वर्तमान याचिकाओं के लंबित रहने के दौरान मुकदमे पर रोक लगाने के मुद्दे पर सुनवाई के लिए आज का दिन निर्धारित किया था।

# अमृत भारत ट्रेनें आराम और संपर्क को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम: प्रधानमंत्री मोदी




नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल और असम से जल्द शुरू होने वाली नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें यात्री सुविधा और कनेक्टिविटी में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, जो वाणिज्य और पर्यटन को भी बढ़ावा देंगी। नौ नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और महाराष्ट्र को पश्चिम बंगाल और असम से जोड़ेंगी। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, नई अमृत भारत ट्रेनें यात्री सुविधा और कनेक्टिविटी में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। अन्य लाभों में वाणिज्य और पर्यटन को बढ़ावा देना शामिल है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा था कि नौ नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें जल्द ही शुरू की जाएंगी। नई ट्रेनें गुवाहाटी (कामाख्या)-रोहतक, डिब्रूगढ़-लखनऊ (गोमती नगर), न्यू जलपाईगुड़ी-नागरकोइल, न्यू जलपाईगुड़ी-तिरुचिरापल्ली, अलीपुरद्वार-एसएमवीटी बेंगलुरु, अलीपुरद्वार-मुंबई (पनवेल), कोलकाता (सांतरागाछी)-तांबरम, कोलकाता (हावड़ा)-आनंद विहार टर्मिनल और कोलकाता (सियालदह)-बनारस को जोड़ेंगी। दिसंबर 2023 में इसकी शुरुआत के बाद से अब तक 30 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें परिचालन में हैं। नौ नई सेवाएं जल्द ही जोड़ी जाएंगी।

## वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राकेश अग्रवाल एनआईए प्रमुख नियुक्त

नयी दिल्ली : भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी राकेश अग्रवाल को बुधवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) का महानिदेशक नियुक्त किया गया। हिमाचल प्रदेश कैडर के 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी अग्रवाल वर्तमान में आतंकवाद विरोधी एजेंसी में विशेष महानिदेशक हैं। उनके पास एनआईए के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी था। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने उन्हें 31 अगस्त 2028 तक, यानी उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि तक, एनआईए के महानिदेशक के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है।

# आइ-पैक मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा-ईडी ने नहीं किया कोई दस्तावेज जब्त

**हाई कोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस की याचिका का किया निपटारा**



### ईडी का दावा- ममता उठा ले गईं जरूरी दस्तावेज

**कोलकाता :** राजनीतिक परामर्श संस्था आइ-पैक के कोलकाता स्थित कार्यालय पर ईडी की छापेमारी के मामले में बुधवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में ईडी तथा तृणमूल कांग्रेस व आइ-पैक की अलग-अलग याचिकाओं पर लाइव सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने तृणमूल कांग्रेस की याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें उसने अपने डेटा की सुरक्षा का अनुरोध किया था। अदालत ने कहा कि ईडी ने आठ जनवरी को आइ-पैक के निदेशक प्रतीक जैन के घर और कार्यालय से कुछ भी जब्त नहीं किया था। तृणमूल ने ईडी पर पार्टी के गोपनीय दस्तावेज, सूचनाएं व डेटा को अपने कब्जे में लेने का आरोप लगाया था। बता दें कि ईडी ने पिछले सप्ताह कोयला तस्करी मामले में आइ-पैक के कार्यालय व प्रतीक जैन के आवास पर छापेमारी की थी। सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने दावा किया कि छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सभी जरूरी आपराधिक दस्तावेजों व डिजिटल सुबूतों को ईडी अधिकारियों के हाथों से छीनकर चली गईं। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने ईडी की उस याचिका की भी सुनवाई स्थगित कर दी, जिसमें आठ जनवरी की घटनाओं की सीबीआइ जांच का अनुरोध किया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि यह मामला फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। न्यायमूर्ति ने कहा कि ईडी ने अवगत कराया है कि उसने पिछले सप्ताह की छापेमारी के दौरान आइ-पैक के निदेशक प्रतीक जैन के कार्यालय और आवास से कुछ भी जब्त नहीं किया है। तृणमूल कांग्रेस ने अदालत में याचिका दायर कर इन दोनों परिसरों पर ईडी द्वारा की गई छापेमारी के दौरान जब्त किए गए व्यक्तिगत और राजनीतिक डेटा के संरक्षण का आदेश देने का अनुरोध किया था। इस दिन सभी पक्षों के वकीलों के अलावा किसी और को न्यायालय कक्ष में प्रवेश करने की अनुमति नहीं थी। अदालत कक्ष में भीड़ और अव्यवस्था के कारण गत शुक्रवार को अदालत ने इस मामले में ईडी-तृणमूल की याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित कर दी थी।

**ईडी की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई**

वहीं दूसरी ओर इस मामले में ईडी की याचिका पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। इस मामले की सुनवाई जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस विपुल मनुभाई पंचोली की पीठ करेगी। ईडी ने पूरे मामले की सीबीआइ से जांच कराने की मांग की है। राज्य सरकार पहले ही इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में कैवियट दाखिल कर आपत्ति दर्ज करा चुकी है। इसमें कहा गया कि इस मामले में राज्य का पक्ष भी सुना जाना चाहिए।

## उच्च न्यायालय का फैसला ममता बनर्जी के लिए 'भारी शर्मिंदगी' : भाजपा का दावा

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले को 'भारी शर्मिंदगी' वाला बताया जिसके तहत सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की याचिका का निपटारा कर दिया गया है। भाजपा ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस का 'भ्रष्टाचार' और निजी कंपनी के साथ उसका 'भ्रष्ट संबंध' जल्द ही उजागर होगा। भाजपा ने जोर देकर कहा कि संवैधानिक अधिकारियों को राजनीतिक हथकंडों से डराया नहीं जा सकता और उच्च न्यायालय ने इसे स्पष्ट कर दिया है।


# अब पूर्वी भारत में टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए ऑटोमेटिक रोबोटिक सर्जरी

पूर्वी भारत में संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जरी के अग्र-दूत, डॉ. संतोष कुमार, बताते हैं कि एआई-सशक्त सक्रिय स्वचालित रोबोट सीयूवीआईएस सर्जनों के लिए आंखों की एक अतिरिक्त जोड़ी के रूप में कार्य करता है और सर्जरी में अधिक सटीकता प्रदान करता है और बुजुर्ग और बड़े जोखिम वाले रोगियों के लिए अधिक फायदेमंद हो सकता है।



Dr. Santosh Kumar
Orthopaedic and Joint Replacement Surgeon

अब तक, विभिन्न आर्थोपेडिक सर्जरी में निष्क्रिय और अर्ध-सक्रिय रोबोटों का उपयोग किया गया है। अब, प्रौद्योगिकी की उन्नति ने मनुष्य की भलाई के लिए चिकित्सा विज्ञान के साथ एक गांठ बांध ली है। इसे ध्यान में रखते हुए कोलकाता के अग्रणी ऑर्थोपेडिक सर्जन और पूर्वी भारत में प्रमुख ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ संतोष कुमार ने अब पूर्वी भारत में ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए अल-पावर्ड सक्रिय स्वचालित रोबोट पेश किया है। सीयूवीआईएस जैसे सक्रिय रोबोटों में एक सक्रिय स्वचालित रोबोटिक भुजा होती है जो पूर्व-योजना, अनुकरण, आकार और अभिविन्यास के साथ-साथ पूर्व-संचालन निर्धारण की अनुमति देती है और अंत में शून्य त्रुटि के साथ योजना के अनुसार हड्डी को तैयार करने का काम करती है। सर्जरी के सभी चरण स्वचालित रूप से ही होते रहते हैं और सर्जन रोबोट को हाथ से पकड़े हुए रिमोट से नियंत्रित करता है।

हालांकि पूरी प्रक्रिया इस सक्रिय स्वचालित रोबोट द्वारा की जाएगी लेकिन पूरी प्रक्रिया को डॉ. संतोष कुमार के नेतृत्व में कुशल आर्थोपेडिक सर्जनों की टीम द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।



Cuvis Robotic System

ADVANTAGES

- इंसान की आंखें एक मिली मीटर से करीब दो बिंदुओं में अंतर नहीं कर सकती हैं, लेकिन रोबोट एक मिलीमीटर के दसवें हिस्से तक माप का सटिक आंकलन कर सकता है। इसलिए, एक सर्जन अत्यंत सबमिली मीटर सटीकता के साथ सटीक प्रदर्शन कर सकता है।
- सर्जरी में सीयूवीआईएस का उपयोग करने की एक और खासियत अनुकूलित सरेखण भी है। यह सक्रिय रोबोट घुटने के प्रतिस्थापन में अति-उच्च परिशुद्धता के साथ हासिल किया जाता है। यह चलने की स्थिरता को पुनर्स्थापित करता है। इस प्रकार, यह एक सुरक्षित तकनीक है।
- 0% मानव त्रुटि होने की संभावना।
- सीयूवीआईएस अपने न्यूनतम इनवेसिव दृष्टिकोण, चिकनी हड्डी के कारण पोस्ट-ऑपरेटिव रिकवरी को भी तेज करता है। कटौती, प्रत्यारोपण की अनुकूलित नियुक्ति, कम खून का बहना और कम दर्द, रिकवरी में तेजी लाती है।

**प्रत्यारोपण में इसकी लंबी उम्र है।**

Institute of Robotic Joint Replacement Surgery (Belle Vue Clinic)

Dr Santosh Kumar is available for Consultation at Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata 17 (daily) and the office of Hip and Knee Foundation at Plot number 332, Lake Town block A, Kolkata-700 089

More information call us 9831911584/9831266632

Visit our website www.mykneemylife.org

## जल प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार जरूरी

निस्संदेह, हरियाणा ने कृषि की उन्नति में नये मानक स्थापित किए हैं। देश की खाद्य सुरक्षा में इस राज्य के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। कृषि क्षेत्र में कारगर रणनीतियों व आधुनिक तकनीकों ने हरियाणा के किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव किया है। लेकिन इससे इतर एक चिंताजनक स्थिति यह है कि राज्य में भूजल संकट एक खतरनाक स्तर को पार कर रहा है। बताया जा रहा है कि राज्य के तीस फीसदी से अधिक गांव भूजल संकट के खतरे की जद में हैं। विडंबना यह है कि इन क्षेत्रों में भूजल का दोहन पुनर्भरण से कहीं अधिक है। जो राज्य में चेतावनी के संकेत स्पष्ट कर रहे हैं। दरअसल, ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते बारिश के पैटर्न में व्यापक बदलाव आया है। जिस अनियमित बारिश को कभी मौसमी समस्या माना जाता था, वह अब एक संरचनात्मक संकट में बदल गयी है। निश्चित रूप से मानसून व बारिश की आवृत्ति में अनिश्चितता के चलते कृषि, पेयजल सुरक्षा व दार्घकालिक आर्थिक स्थिरता के लिये खतरा पैदा हो गया। बारिश की कमी की पूर्ति भूजल के अंधाधुंध दोहन से की जाती है। वैसे इस संकट के मूल में समस्या की वजह पानी की अत्यधिक खपत करने वाला विकास मॉडल भी है। पिछले दशकों में धान व गेहूं की उत्पादकता पर किसानों की निर्भरता अत्यधिक बढ़ी है। जिसमें बहुत सिंचाई की जरूरत होती है। वहीं दूसरी ओर राजनीतिक समीकरणों के चलते किसानों को लुभाने के लिये मुफ्त या रियायती बिजली का चलन भी बढ़ा है। जिससे भूजल के अंधाधुंध दोहन को बढ़ावा ही मिला है। विडंबना यह है जैसे-जैसे भूजल का स्तर गिरता है, ट्यूबवेल हर साल और गहरे खोदे जाते रहे हैं। कोशिश होती रही है कि इससे जल संकट बढ़ने से पानी की कमी पर पर्दा पड़ा रहे। यही वजह है कि इसका नकारात्मक असर आज मध्य और दक्षिण हरियाणा के बड़े क्षेत्र में दिखायी दे रहा है। जहां जलस्तर खतरनाक स्तर तक गिरता नजर आ रहा है।

वहीं दूसरी ओर हरियाणा में तेजी से बढ़ रहे शहरीकरण ने जल संकट को और गहरा कर दिया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बहुत तेजी से हुए शहरीकरण ने भूजल का दोहन उसकी स्थायी सीमा से बहुत अधिक हद तक बढ़ाया है। इस बेलगाम भूजल दोहन पर नियामक संस्थाओं की निगरानी ना के बराबर है। वहीं एक चिंतजनक पहलू यह भी है कि तेजी से बढ़ते कंक्रीटीकरण और आर्द्र भूमि के क्षरण से भूजल का प्राकृतिक पुनर्भरण बाधित हुआ है। दूसरी ओर जलवायु परिवर्तनशीलता, अनियमित मानसून और घटते वर्षा दिवसों ने भूजल पुनर्भरण को और अधिक कम कर दिया है। जिसके चलते जलभंडारों के पुनर्जीवित होने की संभावनाएं लगभग क्षीण हो गई हैं। भूजल स्तर में गिरावट का खमियाजा किसानों को भी उठाना पड़ रहा है। खेतों के लिये सिंचाई जल उपलब्ध कराने की लागत में भी लगातार वृद्धि हो रही है। दरअसल गहरे बोरवेल के लिये अधिक बिजली और अधिक निवेश की आवश्यकता होती है। यही वजह है कि ग्रामीण पेयजल योजनाएं स्थिति से निपटने के लिये संघर्ष कर रही हैं। दूसरी ओर कम गुणवत्ता वाले जलभंडारों तक जल-दोहन की स्थिति पहुंचने से प्रदूषण का खतरा बढ़ा है। निस्संदेह, इस संकट को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यदि इस सकंट की अनदेखी करके स्थिति को अनियंत्रित छोड़ दिया जाएगा तो इसके व्यापक नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं। इससे जहां एक ओर आजीविका का संकट बढ़ेगा, वहीं फसलों को लेकर अस्थिरता होगी और कालांतर जल को लेकर सामाजिक संघर्ष उत्पन्न हो सकता है। हालांकि, इस संकट के समाधान को लेकर नीतिगत उपाय मौजूद हैं, लेकिन उन्हें गंभीरता से लेने की जरूरत है। फसल विविधीकरण योजनाएं और पुनर्भरण परियोजनाएं सही दिशा में उठाये गए कदम हैं, लेकिन उनका पैमाना और कार्यान्वयन चुनौती के अनुरूप नहीं है। भूजल प्रबंधन, मांग में कमी की तुलना में आपूर्ति बढ़ाने पर अधिक केंद्रित रहा है। निश्चित रूप से हरियाणा को अपनी जल प्राथमिकताओं को तत्काल पुनर्निधारित करने की आवश्यकता है। जरूरत है कम पानी की फसलों को प्रोत्साहित करें, बिजली सब्सिडी युक्तिसंगत बने, शहरी व वाणिज्यिक उपयोग के लिये जल दोहन सख्ती से विनियमित हो व पुनर्भरण क्षेत्रों की रक्षा की जाए।

# परियोजनाओं को समय पर पूरा करने हेतु सक्रिय एवं कारगर निगरानी



अल्केश कुमार शर्मा

बुनियादी ढांचा क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के मुख्य वाहकों में से एक है। गुणवत्ता-पूर्ण बुनियादी ढांचा बेहतर सेवाओं के लिए निरंतर मांग पैदा करता है। यह क्षेत्र भारत के समग्र विकास को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है और पिछले कुछ दशकों के दौरान भारत की विभिन्न परियोजनाओं के तेज विकास का एक आधार रहा है। सरकार पूरी प्राथमिकता के साथ इस क्षेत्र पर विशेष ध्यान दे रही है। यह तथ्य इस वर्ष 11.1 लाख करोड़ रुपये के बजटीय आवंटन और देश में समय पर विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे का निर्माण सुनिश्चित करने वाली नीतियों की शुरुआत से स्पष्ट होता है। मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, पीएम गतिशक्ति, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लचीले नियमों और तकनीकी उन्नति जैसी अनुकूल नीतिगत पहलों के साथ, इस क्षेत्र के और भी तेजी से विकसित होने की उम्मीद है।

केरल और भारत सरकार में विभिन्न भूमिकाओं में तीस वर्षों से अधिक समय तक परियोजना कार्यान्वयन से जुड़े रहने और बुनियादी ढांचे से जुड़ी कई परियोजनाओं को संभालने के दौरान, मैंने विभिन्न क्षेत्रों में परियोजनाओं के कार्यान्वयन में आने वाली विभिन्न बाधाओं का सामना किया है। परियोजनाओं के कार्यान्वयन के दौरान सामने आने वाली कुछ प्रमुख चुनौतियों में भूमि अधिग्रहण और नियामक संबंधी मंजूरियों से जुड़ी अनिश्चितताएं, व्यापक प्रारंभिक योजना एवं जोखिम प्रबंधन का अभाव और सबसे महत्वपूर्ण बात, ऐसे कारकों के लिए पर्याप्त योजना बनाने हेतु परियोजना प्रबंधन प्रक्रियाओं की अपरिपक्वता शामिल हैं।

परियोजनाओं के समय पर पूरा होने में बाधा डालने वाली अन्य समस्याओं में कच्चे माल की अनुपलब्धता, कुशल श्रमिकों (राजमिस्त्री, बढ़ई आदि) की अनुपलब्धता, पानी एवं बिजली की आपूर्ति का अभाव, अपूर्ण आरेख (ड्राइंग) उपलब्ध होना और डिजाइन में बार-बार होने वाले बदलाव शामिल हैं। स्थानीय समस्याओं और उचित परियोजना नियोजन एवं नियंत्रण के अभाव के कारण परियोजनाओं के पूरा होने में देरी होती है और इससे अर्थव्यवस्था पर समग्र रूप से नकारात्मक असर पड़ता है।

बुनियादी ढांचे की बड़ी परियोजनाएं जटिल होती हैं तथा इनमें कई राज्यों, कई क्षेत्रों एवं कई एजेंसियों की भागीदारी होती है और इसके लिए विभिन्न केन्द्रीय व राज्य एजेंसियों से कई बार मंजूरी लेनी पड़ती है। इसलिए समय की देरी और लागत में वृद्धि आम बात है।

यूं तो विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा परियोजनाओं के कार्यान्वयन की अलग-अलग पद्धतियां और निगरानी तंत्र अपनाए गए, लेकिन वे एक-दूसरे से अलग-अलग काम करते लगे और उनके एवं राज्य सरकारों के बीच कोई कारगर समन्वय नहीं था।

मार्च 2015 में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक आईसीटी-आधारित मल्टी-मॉडल प्लेटफॉर्म 'प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन' (प्रगति) का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं में होने वाली देरी को खत्म करने और आम आदमी की शिकायतों को दूर करने के साथ-साथ भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों और राज्य सरकारों द्वारा इंगित की गई परियोजनाओं की निगरानी करना भी था। प्रधानमंत्री ने 'प्रगति' को केन्द्र - केन्द्र और केन्द्र-राज्य समन्वय को बेहतर बनाने के एक व्यापक समाधान के रूप में तैयार किया। इसके शुभारंभ के समय उन्होंने कहा कि भारत में शासन को और अधिक कुशल एवं जवाबदेह बनना होगा तथा यह नया प्लेटफॉर्म उसी दिशा में एक कदम है। 'प्रगति' को तकनीक-आधारित एक ऐसी प्रणाली के रूप में विकसित किया गया, जो बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं की निगरानी करने, सरकारी योजनाओं की समीक्षा करने और एक ही डिजिटल धरातल पर नागरिकों की शिकायतों का आकलन करने में सक्षम है।

शुरू से ही, 'प्रगति' के तंत्र ने विभिन केन्द्रीय मंत्रालयों व राज्य सरकारों के सक्रिय सहयोग से परियोजनाओं की निगरानी और शिकायतों के निवारण के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया है। अब तक प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में 50 समीक्षा बैठकें हो चुकी हैं। इन बैठकों में विभिन्न राज्यों के मुख्य सचिव और केन्द्रीय विभागों के सचिव खास परियोजनाओं तथा योजनाओं में आने वाली समस्याओं एवं बाधाओं को दूर करने के उद्देश्य से शामिल होते हैं। यह प्लेटफॉर्म एक आगे बढ़ने वाले फोरम के तौर पर भी काम करता है, जहां नियमित समस्याओं से मंत्रालय स्तर पर निपटा जाता है, जबकि जटिल मामलों को अंतिम समाधान के लिए प्रधानमंत्री के सामने रखा जाता है। सरकार ने 500 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं के कार्यान्वयन की नियमित निगरानी हेतु एक परियोजना निगरानी प्रणाली और प्रधानमंत्री कार्यालय में एक परियोजना निगरानी समूह भी बनाया है, ताकि उन परियोजनाओं की समीक्षा और पहचान की जा सके जिन्हें 'प्रगति' के तहत लिया जाना है। मैं दोनों से ही जुड़ा रहा। बैठक के बाद फॉलो-अप कैबिनेट सचिवालय द्वारा सुनिश्चित किया जाता है ताकि 'प्रगति' की बैठकों में लिए गए फैसले धरातल पर समय पर उतर सकें।

इसके शुभारंभ होने के एक दशक से अधिक समय में, 85 लाख करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली 3300 से अधिक परियोजनाओं की निगरानी की गई है और उन्हें सफलतापूर्वक पूरा करने हेतु कामकाज में तेजी लाई गई है। 'एक देश, एक राशन कार्ड', प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और स्वच्छ भारत मिशन जैसी 61 प्रमुख सरकारी योजनाओं की समीक्षा इस प्लेटफॉर्म पर की गई है। बैंकिंग एवं बीमा, रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) और कोविड से संबंधित मामलों सहित 36 क्षेत्रों में शिकायतों का मूल्यांकन भी इस प्रणाली के जरिए किया गया है। 'प्रगति' और पीएमजी पोर्टल पर उठाए गए लगभग 7700 मुद्दों में से, 7100 से अधिक मुद्दे पहले ही हल किए जा चुके हैं। यह समाधान की 92 प्रतिशत से अधिक की दर को दर्शाता है। प्रधानमंत्री द्वारा व्यक्तिगत रूप से समीक्षा की गई 'प्रगति' की परियोजनाओं में, 3187 मुद्दे उठाए गए और 2958 हल किए गए।

सका सीधा मतलब यह हुआ कि कामकाज के हर दिन एक मुद्दा हल किया गया। ये आंकड़े यह दर्शाते हैं कि कैसे इस प्लेटफॉर्म ने सरकारी कामकाज के कार्यान्वयन में तेजी लाई है और जवाबदेही को मजबूत किया है।

सामाजिक क्षेत्र के कार्यक्रम को समय पर पूरा करने में 'प्रगति' की भूमिका से संबंधित कुछ खास उपलब्धियों में मिशन अमृत सरोवर शामिल है। इस मिशन का शुभारंभ 2022 में देश भर के हर जिले में 75 जल निकाय बनाने और उन्हें पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से किया गया था। प्रत्येक अमृत सरोवर को कम से कम एक एकड़ के तालाब क्षेत्र और लगभग 10,000 घनमीटर पानी रखने की क्षमता के हिसाब से डिजाइन किया गया है। इस मिशन की उन्नति की नियमित समीक्षा 'प्रगति' के जरिए राष्ट्रीय पर की गई और इस प्रक्रिया में विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और जिला प्रशासनों के वरिष्ठ अधिकारियों को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाया गया। इस संयुक्त निगरानी से तेजी से फैसले लेने और जमीन की उपलब्धता एवं धनराशि जारी करने से जुड़ी बाधाओं को कारगर ढंग से हल करने में मदद मिली। इस योजना के तहत 15 अगस्त 2023 तक 50,000 अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य था। हालांकि, 'प्रगति' के हतक्षेप से काम में नई सिरे से तेजी आई और अब तक देश भर में 68,800 से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस मिशन ने पानी की किल्लत को दूर करने और कई इलाकों में सतह एवं भूजल, दोनों की उपलब्धता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

रेलवे से जुड़ी परियोजनाएं बुनियादी ढांचे पर 'प्रगति' के असर का एक और ठोस उदाहरण पेश करती हैं। जम्मू-उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना को 31 मार्च 1994 को मंजूरी दी गई थी। जून 2015 तक इसकी वास्तविक प्रगति मात्र 40 प्रतिशत थी। 24 जून 2015, 06 नवंबर 2019 और 30 दिसंबर 2020 को 'प्रगति' के तहत समीक्षा के जरिए इसकी प्रगति 40 से बढ़कर 60 और फिर 76 प्रतिशत हो गई। इस मार्ग पर आखिरकार 06 जून 2025 को आवागमन शुरू हो गया।

समें 272 किलोमीटर की लंबाई में 38 सुरंगें हैं, जिनकी कुल लंबाई लगभग 119 किलोमीटर हैं और 943 पुल हैं, जिसमें दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्क ब्रिज भी शामिल है, जो नदी से 359 मीटर ऊपर स्थित है। ब्रह्मपुत्र नदी पर बोगीबील रेल-सह-रोड पुल के मामले में भी कुछ ऐसा ही असर देखा गया। इस परियोजना को मार्च 1997 में मंज़ूरी दी गई थी और 27 मई 2015 तक 64 प्रतिशत काम पूरा हो पाया था और 'प्रगति' की देखरेख के बाद 25 दिसंबर 2018 को इसपर आवागमन शुरू हो गया। ये उदाहरण दर्शाते हैं कि तकनीक आधारित समन्वय कैसे रेल से जुड़े बुनियादी ढांचे को तेजी से आगे बढ़ा सकता है और नागरिकों को निर्धारित समय से बहुत पहले आधुनिक सेवाएं मुहैया करा सकता है।

'प्रगति' के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच एक ऐसे शासन का निर्माण करना है जो नागरिकों की उम्मीदों एवं आकांक्षाओं के अनुरूप गति से काम करे। यह प्लेटफॉर्म पीएम गतिशक्ति और 'परिवेश' जैसी प्रणालियों के साथ एकीकृत है, जो सच्चाई के एक ही स्रोत से आसान निगरानी की सुविधा देता है। इस सोच के स्वाभाविक नतीजों के तौर पर लागत में कमी, आसान डिजिटल निगरानी और विवादों को तेजी से सुलझाने जैसे लाभ सामने आए हैं। जब देरी रोकी जाती है, तो खर्च कम होता है और परियोजनाओं पर नजर रखना एवं उनका पर्यवेक्षण करना आसान हो जाता है। यह सब दर्शाता है कि जब फैसले समय पर लिए जाते हैं और जवाबदेही तय होती है, तो सरकारी कामकाज की गति बढ़ती है और इसका असर सीधे नागरिकों के जीवन में दिखाई देता है। 'प्रगति' विभिन्न मंत्रालयों और राज्यों में विभागों के बीच की बाधाओं को तोड़कर और टीम इंडिया की भावना को मजबूत करके इस दृष्टिकोण को साकार करता है।

जैसे-जैसे भारत बड़ी परियोजनाओं के लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ता जा रहा है, 'प्रगति' विभिन्न परियोजनाओं के प्रशासन और उनके समयबद्ध कार्यान्वयन की एक मुख्य संस्था बन गई है। इसने यह दर्शाया है कि तकनीक से होने वाली समीक्षाएं महज मॉनिटरिंग स्क्रीन तक ही सीमित नहीं होतीं, बल्कि वे धरातल पर असली बदलाव लाती हैं। अब तक हुई 50 बैठकें इस दृष्टिकोण और सर्वोच्च स्तर पर प्रतिबद्धता की निरंतरता को दर्शाती हैं। मिशन अमृत सरोवर, बड़े रेलवे पुल, विशाल विद्युत परियोजनाएं और बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्यक्रम यह दर्शाते हैं कि सक्रिय निगरानी से नतीजे कई गुना बढ़ सकते हैं। इसलिए 'प्रगति' एक ऐसे आदर्श के रूप में सामने है, जहां संवैधानिक पद आसान निगरानी, कारगर समन्वय, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ सार्वजनिक सेवा एवं विकास के प्रति पूरी तरह समर्पित रहते हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर देश भर के सार्वजनिक कार्यालयों तक यह बदलाव तब सही मायने में सफल होता है, जब हर नागरिक के कल्याण के प्रति स्पष्ट समर्पण दिखाते हुए 'प्रगति' जैसी उपलब्धियां सार्वजनिक परियोजनाओं और नागरिक-केन्द्रित कार्यक्रमों को सरलीकरण हेतु सुधार, नतीजे हेतु प्रदर्शन, असर डालने हेतु बदलाव की प्रक्रिया में मदद करती हैं।

ये लेखक के निजी विचार हैं

**(लेखक पीईएसबी के सदस्य तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के भूतपूर्व सचिव हैं)**

# बंगाल की खबरें

## फरक्का में एसआईआर के सुनवाई के दौरान बीडीओ के ऑफिस में तोड़फोड़ पर एफआईआर दर्ज, दो गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले के फरक्का में एसआईआर को लेकर चल रही सुनवाई के दौरान बीडीओ के ऑफिस में तोड़फोड़ हुई थी। इस मामले में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) जुनैद अहमद द्वारा दर्ज लिखित शिकायत के अनुसार, यह घटना बुधवार की दोपहर लगभग 1:30 बजे हुई, जब कार्यालय में एसआईआर को लेकर सुनवाई हो रही थी। बीडीओ ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों का एक समूह अचानक कई सरकारी कमरों में घुस गया और बीडीओ, संयुक्त बीडीओ, चुनाव अधिकारी और अन्य सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (एईआरओ) के सामने सरकारी संपत्ति में तोड़फोड़ की। ब्लॉक विकास कार्यालय (बीडीओ) में एक समूह द्वारा कथित तौर पर तोड़फोड़ करने और इसमें एक चुनाव अधिकारी के घायल होने के बाद केस दर्ज हुआ है। हालांकि, इसमें किसी का नाम नहीं लिखा गया है। शिकायत अज्ञात लोगों के समूह के खिलाफ की गई है। बीडीओ ने बीएनएस की धारा 329(4), 221, 132, 324(3), 115(2) और 3(5) के तहत, लोक संपत्ति (क्षति निवारण) अधिनियम, 1984 की धारा 3 के साथ शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद, जांच के सिलसिले में दो गिरफ्तारियां की गई हैं। आरोप है कि तृणमूल विधायक मनीरुल इस्लाम के समर्थकों ने बीडीओ के कार्यालय में तोड़फोड़ की। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी। खबर है कि ईआरओ के कार्यालय में भी तोड़फोड़ की गई थी। तृणमूल विधायक पर आरोप है कि वह समर्थकों के साथ बीडीओ के कार्यालय में घुस गए। इसके बाद, कुर्सियां और फर्नीचर तोड़ा गया।

**गंगा-सागर संगम में साधु की डुबकी - एक सांस में तप, त्याग और मोक्ष की साधना।**



**मकर संक्रांति पर गंगासागर में आस्था की बैतरणी पार करते श्रद्धालु - गोदान के माध्यम से विश्वास की नाव पर सवार होकर मोक्ष की ओर बढ़ते कदम।**



## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 15 जनवरी, गुरुवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ कृष्णपक्ष द्वादशी, 20:14 तक, नक्षत्र : ज्येष्ठा, 29:40 तक, योग : वृद्धि, 20:32 तक, सूर्योदय: 06:19, सूर्यास्त: 17:12, चन्द्रोदय : 03:23, चन्द्रास्त: 14:04, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 13:06 से 14:27

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों के कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। इससे व्यथित होकर साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। क्योंकि आपको दूसरों की मदद करने से सुकून मिलता है।

**वृष :** वृष राशि के जातकों का आज का दिन पारिवारिक जनों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों को पिता के आशीर्वाद से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें।

**कर्क :** राशि स्वामी की उत्तम स्थिति एवं राशि पर बृहस्पति का द्वादश होकर परिभ्रमण अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति करा कर कोष की स्थिति को सुदृढ़ करेगा।

**सिंह :** सिंह राशि वालों को राजनीतिक क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति भी होगी। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे, रुका हुआ कार्य भी सम्पन्न होगा।

**कन्या :** आपकी राशि का स्वामी बुध आज पंचम पराक्रम सहोदर संतान पराक्रम प्रमुख केन्द्र में संचार कर रहे हैं। फलस्वरूप वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा।

**तुला :** तुला राशि के लिए शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि का योग है। आय के नये स्रोत बनेंगे। वाक् पटुता आपको विशेष सम्मान दिलायेगी। देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद रहेगी।

**वृश्चिक :** आज वृश्चिक राशि वालों का आर्थिक पक्ष मजबूत होकर, धन सम्मान यश कीर्ति की वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा-प्रियजनों से भेंट होगी।


**धनु :** धनु राशि के जातकों को आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्चा होगा। सांसारिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी सम्बन्धी के कारण तनाव बढ़ सकता है।

**मकर :** मकर राशि के लोगों को आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पूर्वापेक्षा अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है।

**कुम्भ :** आपकी राशि स्वामी शनि की मार्गी स्थिति के कारण पत्नी को अकस्मात् शरीर कष्ट होने से भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है।

**मीन :** मीन राशि वालों का वैवाहिक जीवन आनन्द दायक बीतेगा। आज पास व दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनेस में बढ़ती प्रोग्रेस से काफी खुशी होगी।

## वर्ग पहेली नं. 3322



*बायें से दायें :-* 2) छोला, 4) साधारण, 6) सहायक, 9) भय, 10) अपक्व, 11) मग्न, 13) दब्बू, 14) मूल कारण, 15) माप, 17) नयनपट, 18) चौंकना; घबराना, 21) शरमाना, 23) जलन, 24) सेना, 26) तीर, 27) कहानी, 29) भजन, 30) अंटसंट, 31) अर्जुनोपदे श.

*ऊपर से नीचे :-* 1) प्रारंभिक, 2) तड़कभड़क, 3) ध्वनि, 4) दूसरा; अधिक, 5) सांत्वना, 7) थर्राना; डर से कॉंपना, 8) गिलावा, 11) छटपटाना, 12) आधुनिकीकरण, 16) वापसी, 18) रुख़सत, 19) धधकना, 20) इकाई का मानक पात्र, 22) सीता, 25) टकराना, 26) नमूना, 28) आघात *(तबले पर)*. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बे | ■ | अ | वि | श्व | स | नी | य | ■ | छु |
| ह | ■ | भि | ■ | ■ | ब | ■ | ति | हा | ई |
| त | ल | वा | ■ | त | ब | ला | ■ | ■ | मु |
| री | ■ | द | ला | ल | ■ | चा | र | पा | ई |
| न | वी | न | ■ | वा | न | र | ■ | जे | ■ |
| ■ | रा | ■ | ब | र | स | ■ | त | ब | क्रा |
| प | न | प | ना | ■ | ल | ह | र | ■ | फि |
| श्चि | ■ | त | ना | व | ■ | ल | ल | का | र |
| म | सा | ला | ■ | श | ला | का | ■ | फ्री | ■ |

## सुडोकू-पहेली-3280

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | | 2 | 3 | | | | 7 |
| | 1 | | | 4 | | | | 5 |
| | | | | | | | | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 5 | | | | 1 | |
| 6 | | | 7 | 2 | | | | |
| | 5 | | | | | 9 | | |
| | | | | 6 | | | | |
| | | 7 | | 8 | 9 | | 4 | 1 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3279 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | 8 | 4 | 2 | 1 | 5 | 9 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 9 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 3 | 4 | 1 |
| 1 | 3 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 2 |

## न्यूज ब्रीफ

### वी-गार्ड ने रचा इतिहास, भारत का पहला 5-स्टार बीईई इंडक्शन कुकटॉप तैयार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उपभोक्ता इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की अग्रणी कंपनी वी-गार्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने एक नई उपलब्धि हासिल की है। कंपनी के इन-हाउस विकसित इंडक्शन कुकटॉप मॉडल वीआईसी06वी1 को ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) से 5-स्टार ऊर्जा दक्षता रेटिंग प्रदान की गई है। कंपनी के अनुसार, यह मान्यता ऊर्जा-कुशल नवाचार, उच्च निर्माण गुणवत्ता और इन-हाउस डिजाइन क्षमता के प्रति वी-गार्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह मॉडल तमिलनाडु के पेरुंदुरई स्थित अत्याधुनिक संयंत्र में डिजाइन और निर्मित किया गया है। 1600 वॉट क्षमता वाले इस कुकटॉप में आठ पावर और तापमान स्तरों के साथ आठ प्री-सेट कुकिंग मोड दिए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से इसमें सर्ज प्रोटेक्शन, हाई-लो वोल्टेज कट-ऑफ और बीआईएस प्रमाणन शामिल है। कंपनी के प्रबंध निदेशक मिथुन चिट्टिलप्पिली ने इसे ऊर्जा-कुशल घरेलू उपकरणों के क्षेत्र में नया मानक बताया।

### सैमसंग इनोवेशन कैंपस ने उत्तर प्रदेश में 1,750 युवाओं को दिया फ्यूचर-टेक स्किल्स का सर्टिफिकेट

**कोलकाता, समाज्ञा :** सैमसंग ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सैमसंग इनोवेशन कैंपस (एसआईसी) कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश में 1,750 युवाओं को फ्यूचर-टेक स्किल्स में सर्टिफिकेट प्रदान किए। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश इस कार्यक्रम के तहत सबसे तेजी से बढ़ने वाला राज्य बनकर उभरा है, जहां अब तक कुल 3,900 छात्रों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। लखनऊ के सिटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित सर्टिफिकेशन समारोह में उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी सहित शिक्षा जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस पहल के तहत छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कोडिंग, बिग डेटा और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी उभरती तकनीकों में प्रशिक्षण दिया गया। सैमसंग ने उत्तर प्रदेश में 5,000 युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है।

### अमेजन इंडिया की ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2026 की शुरुआत 16 जनवरी से, अर्ली डील्स लाइव

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया की बहुप्रतीक्षित ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2026 की शुरुआत 16 जनवरी की रात 12 बजे से होगी, जबकि अर्ली डील्स पहले ही लाइव कर दी गई हैं। इस मेगा शॉपिंग इवेंट में स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी, होम एंड किचन, बड़े घरेलू उपकरण, ग्रॉसरी और रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं पर आकर्षक ऑफर्स पेश किए जाएंगे। कंपनी के अनुसार, एप्पल, सैमसंग, वनप्लस, सोनी, एलजी, शाओमी, आईक्यूओओ, बोट, टीसीएल और एचपी जैसे प्रमुख ब्रांड्स के उत्पाद रियायती कीमतों पर उपलब्ध होंगे। सेल के दौरान बैंक ऑफर्स, नो-कॉस्ट ईएमआई, एक्सचेंज ऑफर्स और अमेजन पे के जरिए अतिरिक्त बचत का भी लाभ मिलेगा। अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि यह सेल गणतंत्र दिवस और फसल त्योहारों के अवसर पर ग्राहकों को बेहतर चयन, सुविधा और बचत का अनुभव देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। अमेजन एआई आधारित फीचर्स और प्राइम बेनिफिट्स के जरिए ग्राहकों को तेज़ और आसान शॉपिंग अनुभव भी प्रदान करेगा।

### बंधन म्यूचुअल फंड ने गोल्ड और सिल्वर में निवेश के लिए दो नए ईटीएफ एफओएफ किए लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंधन म्यूचुअल फंड ने निवेशकों को कीमती धातुओं में आसान और प्रभावी निवेश का विकल्प देने के उद्देश्य से बंधन गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड (एफओएफ) और बंधन सिल्वर ईटीएफ एफओएफ लॉन्च करने की घोषणा की है। ये दोनों ओपन-एंडेड योजनाएं हैं, जिनका न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 12 जनवरी 2026 से शुरू होकर 20 जनवरी 2026 तक खुला रहेगा। यह योजनाएं सोने और चांदी में पारदर्शी, किफायती और सुविधाजनक निवेश का अवसर प्रदान करती हैं। निवेशक इनमें म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, निवेश सलाहकार, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या सीधे कंपनी की वेबसाइट के माध्यम से निवेश कर सकते हैं। बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने कहा कि फंड ऑफ फंड संरचना से निवेशकों को डीमैट खाते की अनिवार्यता जैसी बाधाओं से राहत मिलती है और वे कम राशि से निवेश शुरू कर सकते हैं। ये योजनाएं पोर्टफोलियो विविधीकरण और दीर्घकालिक मजबूती के लिए उपयुक्त मानी जा रही हैं।

# ‘राशि सीधे मजदूरों के हाथों में जाए’

## 100 दिनों के काम से जुड़े मामले में हाईकोर्ट की टिप्पणी

**कोलकाता :** राज्य में 100 दिनों के काम (मनरेगा) को लेकर लंबे समय से चल रहे मामले की सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। बुधवार को हुई सुनवाई में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल ने कहा, 100 दिनों के काम की राशि सीधे मजदूरों के हाथों में जानी चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मनरेगा के तहत काम करने वाले लोग गरीब हैं, इसलिए हमारा मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें उनका हक का पैसा मिले।

गौरतलब है कि राज्य में लंबे समय से 100 दिनों की योजना बंद पड़ी है। इसे पुनः शुरू करने के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट ने पिछले वर्ष जून महीने में केंद्र सरकार को निर्देश दिया था। उस समय तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम ने टिप्पणी की थी कि किसी केंद्रीय योजना को अनिश्चितकाल तक ठंडे बस्ते में नहीं डाला जा सकता।



इस फैसले को चुनौती देते हुए केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। मामला न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया। सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने 100 दिनों के काम की राशि देने से संबंधित कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। हालांकि, इस विषय से जुड़े कई अन्य मामले अब भी कलकत्ता हाईकोर्ट में लंबित हैं।

बुधवार को इन्हीं मामलों की सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने कहा, केंद्र चाहे जो भी आरोप लगाए, सबसे पहले मजदूरों को उनका पैसा देना जरूरी है। इसके जवाब में केंद्र की ओर से डिप्टी सॉलिसिटर जनरल ने दलील दी कि डिवीजन बेंच की टिप्पणी में भ्रष्टाचार की बात कही गई थी और दोषियों को सजा देने तथा जांच जारी रखने की आवश्यकता बताई गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे भ्रष्टाचार में राज्य की भूमिका साबित हुई है, इसी कारण राज्य से अधिकार छीने गए थे। उन्होंने सवाल उठाया कि अब इस मामले को आगे बढ़ाने के पीछे राज्य का उद्देश्य क्या है।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल ने दोहराया कि मनरेगा मजदूर गरीब हैं और हमारा लक्ष्य यही है कि 100 दिनों के काम की राशि उन तक पहुंचे। इस मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी।

## बैंक से 35 लाख की धोखाधड़ी मामले में एक और गिरफ्तारी, बैंक के अधिकृत एजेंट की भूमिका उजागर

**कोलकाता :** बैंक से जाली दस्तावेजों के जरिए 35 लाख रुपये के हाउसिंग लोन की धोखाधड़ी के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। हेयर स्ट्रीट थाना क्षेत्र के अंतर्गत बैंक फ्रॉड स्क्वॉड/डिटेक्टिव डिपार्टमेंट मामले संख्या 135/2025 में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह विशेष रिपोर्ट 14 जनवरी 2026 को सामने आई।




इस मामले के शिकायतकर्ता एचडीएफसी बैंक, 8 एन.एस. रोड, कोलकाता के लोकेशन मैनेजर सैफ अली बिलाल हैं। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने आपराधिक साजिश के तहत जाली और क्लोन किए गए टाइटल डीड दस्तावेज तैयार कर उन्हें असली बताकर बैंक में पेश किया। इन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दो हाउसिंग लोन पास कराए गए, जिनकी कुल राशि 35 लाख रुपये थी। लोन लेने के बाद दोनों उधारकर्ताओं ने ईएमआई का भुगतान नहीं किया और बैंक को धोखा दिया।

जांच के दौरान पुलिस ने बैंक और अन्य स्रोतों से अहम दस्तावेजी व मौखिक साक्ष्य जुटाए। पहले चरण में इस मामले में तीन आरोपियों–नीलांजन मुखर्जी, बसुजीत बनर्जी और सुब्रत दासगुप्ता–को गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल ये सभी पुलिस हिरासत में हैं।

आगे की जांच में पुलिस ने तबरेज़ खान (52 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। वह पूर्वा फूलबागान, कोलकाता का निवासी है। तबरेज़ खान को 13 जनवरी 2026 की रात 7:40 बजे पटुली थाना क्षेत्र के गांगुली बागान मोड़ से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस जांच में सामने आया है कि तबरेज़ खान एचडीएफसी बैंक के अधिकृत बिजनेस सोर्सिंग एजेंट था। उसने दुर्भावनापूर्ण इरादे से पहले से गिरफ्तार आरोपियों को बैंक के समक्ष लोन आवेदक के रूप में पेश किया और दोनों फर्जी लोन पास कराने में अहम भूमिका निभाई। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि नियमित कमीशन के अलावा, उसने धोखाधड़ी की रकम में से करीब 3.50 लाख रुपये अपने खाते में प्राप्त किए थे।

पुलिस के अनुसार, मामले की जांच जारी है और इस बैंक धोखाधड़ी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी गहन पड़ताल की जा रही है।

## नेताजी की जयंती पर परीक्षा कैसे?

**❑ संयुक्त प्रवेश परीक्षा की तारीख को लेकर शिक्षा विभाग का एनटीए को पत्र**

**कोलकाता :** आगामी 23 जनवरी को संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित करने की घोषणा के बाद राज्य और केंद्र के बीच टकराव के संकेत एक बार फिर सामने आए हैं। पश्चिम बंगाल सरकार ने इस तारीख को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। कारण यह है कि 23 जनवरी केवल एक सामान्य दिन नहीं, बल्कि यह नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती है। इसके साथ ही, इसी दिन सरस्वती पूजा भी पड़ रही है। इस पृष्ठभूमि में शिक्षा विभाग ने सवाल उठाया है कि ऐसे महत्वपूर्ण और भावनात्मक दिन पर परीक्षा आयोजित करना कैसे संभव है। परीक्षा की तारीख में बदलाव की मांग करते हुए राज्य शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को पत्र भेजा है, हालांकि अब तक उस पत्र का कोई जवाब नहीं मिला है। शिक्षा विभाग का कहना है कि नेताजी की जयंती राज्य के लिए भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है। साथ ही, सरस्वती पूजा के दिन राज्य के अधिकांश स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों में पूजा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। ऐसे में बड़े स्तर की प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करने से छात्रों और अभिभावकों दोनों को गंभीर असुविधा हो सकती है। इन्हीं कारणों से राज्य सरकार ने परीक्षा तिथि पर पुनर्विचार की मांग की है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का मानना है कि परीक्षा कार्यक्रम तय करते समय क्षेत्रीय त्योहारों और महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दिनों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। अब इस मांग पर एनटीए क्या निर्णय लेता है, इस पर राज्य का शिक्षा जगत नजर बनाए हुए है।

### चुनाव से पहले शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया तेज,

## जनवरी के अंत से शुरू होगी कक्षा 11-12 की काउंसलिंग

**कोलकाता :** लंबे इंतजार के बाद कक्षा 11वीं-12वीं के शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच रही है। सब कुछ ठीक रहा तो जनवरी के अंतिम सप्ताह से काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस काउंसलिंग के दौरान मेधा सूची के आधार पर शिक्षक स्वयं अपने स्कूल का चयन कर सकेंगे। स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) के चेयरमैन सिद्धार्थ मजूमदार ने बताया कि कुल 12,445 रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए मेधा सूची में शामिल सभी अभ्यर्थियों की काउंसलिंग और स्कूल आवंटन की प्रक्रिया पूरी होने में कई महीने लग सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, 21 जनवरी तक कक्षा 11-12 के शिक्षक भर्ती की मेधा सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। इसके बाद नवम-दशम कक्षा के अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया शुरू होगी। विकास भवन सूत्रों ने बताया कि मेधा सूची जारी होने के बाद सरस्वती पूजा और गणतंत्र दिवस की छुट्टियों के कारण 27 जनवरी से पहले काउंसलिंग और स्कूल चयन प्रक्रिया शुरू होना संभव नहीं है। राज्य में चुनाव से पहले शिक्षक नियुक्ति की इस पहल को शिक्षा व्यवस्था के लिए एक अहम कदम माना जा रहा है।

## वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के शुभारंभ से पहले मालदह में स्कूली छात्रों में उत्साह की लहर

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा-मालदह-गुवाहाटी (कामाख्या) और गुवाहाटी-हावड़ा मार्ग पर चलने वाली देश की पहली वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस के शुभारंभ से पहले मालदह जिले में स्कूली छात्रों के बीच खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर की पूर्व संध्या पर जिले के विभिन्न स्कूलों में आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जनवरी 2026 को मालदह टाउन स्टेशन से वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। शुभारंभ के बाद प्रधानमंत्री ट्रेन में सवार होकर स्कूली छात्रों से संवाद भी करेंगे। इस दौरान छात्र न्यू जेनरेशन ट्रेन विषय



पर बनाई गई अपनी चित्रकृतियां प्रधानमंत्री को प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए मालदह जिले के 17 स्कूलों में पेंटिंग, निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताएं दो वर्गों-कक्षा 1 से 6 (जूनियर) और कक्षा 7 से 12 (सीनियर)-में हुईं। विकसित बंगाल, विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और भारत की अगली पीढ़ी की ट्रेनें जैसे विषयों पर 3,155 छात्रों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा दिखाई। विशेष रूप से 10 स्कूलों के 60 छात्रों को उद्घाटन यात्रा में शामिल होने का अवसर मिलेगा। वहीं, 17 जनवरी को मालदह टाउन स्टेशन पर पुरस्कार वितरण समारोह में 200 से अधिक विजयी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। छात्रों की सक्रिय भागीदारी इस ऐतिहासिक रेल उपलब्धि को लेकर उनके गर्व और उत्साह को दर्शाती है।

## कस्बा कांड में चार्ज गठन, मुख्य आरोपी मनोजीत समेत चार के खिलाफ आरोप तय

**❑ फोरेंसिक और डीएनए रिपोर्ट से पुख्ता सबूत, 83 गवाह, त्वरित सुनवाई**

**कोलकाता :** कस्बा लॉ कॉलेज में हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ चार्ज गठन कर दिया है। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा उर्फ मैंगो, जायब अहमद, प्रमित मुखोपाध्याय और कॉलेज के सुरक्षा गार्ड पिनाकी बंद्योपाध्याय के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं। बुधवार को अलीपुर कोर्ट में चार्ज गठन की प्रक्रिया पूरी हुई। इस दौरान सुरक्षा गार्ड पिनाकी के वकील दिव्येंदु भट्टाचार्य और विशेष सरकारी वकील विभास चट्टोपाध्याय अदालत में उपस्थित थे।

आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, अवैध रूप से बंधक बनाकर जान से मारने की धमकी, मोबाइल फोन में रिकॉर्डिंग कर ब्लैकमेल करने सहित भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में कुल 83 गवाह हैं। 27 जनवरी से गवाहों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू होगी।

पुलिस ने घटना के शुरुआती चरण से ही सक्रियता के साथ जांच शुरू की थी। घटना के 58 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल की गई। चार्जशीट में मुख्य आरोपी के रूप में मनोजीत मिश्रा का नाम दर्ज है। इसके अलावा प्रमित मुखोपाध्याय, जायब अहमद और कॉलेज के सुरक्षा गार्ड पिनाकी बंद्योपाध्याय को भी आरोपी बनाया गया है। चार्जशीट के अनुसार, गार्ड रूम के भीतर मनोजीत मिश्रा ने पीड़िता छात्रा को जबरन निर्वस्त्र किया और उस दृश्य को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड किया। इसके बाद उसने वीडियो फुटेज दिखाकर पीड़िता को धमकाया कि यदि उसने उसकी शारीरिक मांगें पूरी नहीं कीं, तो वीडियो सार्वजनिक कर दिया जाएगा, जिससे उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा नष्ट हो जाएगी। मजबूरी की स्थिति में पीड़िता के पास कोई विकल्प नहीं बचा और इसी का फायदा उठाकर आरोपी ने दुष्कर्म किया।

पुलिस का आरोप है कि पूरी घटना के दौरान जायब अहमद और प्रमित मुखोपाध्याय गार्ड रूम की घुलघुली यानी एग्जॉस्ट फैन के छेद से अलग-अलग चरणों में वीडियो रिकॉर्ड करते रहे। इन वीडियो में एग्जॉस्ट फैन के पंखों के हिस्से भी स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। आरोप है कि इन वीडियो क्लिप्स को तीनों आरोपियों ने अपने कुछ साथियों को भी भेजा था।

इन सभी वीडियो की फोरेंसिक जांच रिपोर्ट पहले ही पुलिस को मिल चुकी है। पुलिस के अनुसार, फोरेंसिक और डीएनए रिपोर्ट में मिले ठोस और निर्णायक सबूतों के आधार पर ही आरोप तय किए गए हैं। अदालत ने मामले में त्वरित सुनवाई के संकेत दिए हैं।

## बिहार सेवा शिविर में तीर्थयात्रियों के बीच भजन-कीर्तन कार्यक्रम आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय बिहारी समाज के सहयोग से माधव राव सिंधिया सेवा प्रतिष्ठान द्वारा गंगासागर तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए बिहार सेवा शिविर लगाया गया है। बुधवार को इस सेवा शिविर में तीर्थयात्रियों के बीच भजन-कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय बिहारी समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा आए हुए श्रद्धालुओं के लिए चाय, बिस्कुट, नाश्ता, भोजन, रहने की सुविधा के साथ तीन मेडिकल सेवा टीमों की भी व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर समाज सेवी कौस्तव राय, जगरनाथ गुप्ता, डॉ हरेंद्र सिंह, राजाबाबू सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, भरत सिंह, अनूप गुप्ता, नकुल दास, इंदु सिंह, नीता गुप्ता, रणधीर सिंह, राजेश्वर सिंह, रामाशंकर सिंह, ब्रह्मेश्वर सिंह, अंकुल सिंह, आकाश पांडेय, महंगू सिंह, आदित्य पांडेय, सुरेश सिंह, उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश्वर सिंह, प्रज्ञा चैतन्य, फुलवंती सिंह, निर्मला सिंह, रेनू बधवान, पिंकी सिंह, ज्योति सिंह, संगीता भाटिया, सरोज सिंह, सोनू साव की अहम भूमिका रही।

### इलाज में लापरवाही का आरोप,

## आरजी कर अस्पताल में मरीज की मौत को लेकर परिजनों का हंगामा

**कोलकाता :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक बार फिर चिकित्सकीय लापरवाही का गंभीर आरोप सामने आया है। मंगलवार रात की घटना को लेकर अस्पताल परिसर में भारी तनाव फैल गया। 65 वर्षीय महिला जैबुन निशा की मौत के बाद परिजनों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। परिवार का आरोप है कि मंगलवार रात करीब 8 बजे सांस लेने में तकलीफ होने पर जैबुन निशा को अस्पताल लाया गया। उन्हें ट्रॉमा केयर यूनिट में भर्ती किया गया, लेकिन उस समय वहां केवल एक ही डॉक्टर मौजूद थे। आरोप है कि संबंधित चिकित्सक ने मरीज को देखने से इनकार कर दिया। मरणासन्न अवस्था में मरीज को 40 से 45 मिनट तक बिना इलाज छोड़ दिया गया, जिससे उसकी हालत और बिगड़ती चली गई। कुछ देर बाद 5-6 जूनियर डॉक्टर मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक मरीज की स्थिति गंभीर हो चुकी थी। रात करीब 9:30 बजे जैबुन निशा की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ते देख बड़ी संख्या में पुलिस बल और केंद्रीय सुरक्षा बल अस्पताल पहुंचे। काफी प्रयास के बाद पुलिस ने हालात पर काबू पाया। मृतका के परिवार ने घटना की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, इस मामले में अस्पताल प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## पश्चिम बंगाल में रेल नेटवर्क का विस्तार, जयरामबाटी तक पहुंचेगी रेल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के रेल नेटवर्क में एक महत्वपूर्ण विस्तार होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मयनापुर-बरोगोपीनाथपुर-जयरामबाटी के बीच 15 किमी लंबी नई रेल लाइन का उद्घाटन करेंगे। यह नई रेल लाइन तारकेश्वर-बिष्णुपुर नई रेल लाइन परियोजना का हिस्सा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मयनापुर और जयरामबाटी के बीच शुरू होने वाली नई ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाएंगे। मयनापुर-जयरामबाटी नई रेल लाइन के शुरू होने से बांकुड़ा जिले और आसपास के ग्रामीण इलाकों के यात्रियों को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही बांकुड़ा-बिष्णुपुर-मयनापुर के बीच चलने वाली यात्री सेवाओं का



विस्तार जयरामबाटी तक किया जाएगा। इससे यात्रा अधिक तेज, सुविधाजनक और सुलभ होगी, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य आवश्यक सुविधाओं तक पहुंच में सुधार होगा।

नई रेल कनेक्टिविटी से जयरामबाटी, पवित्र माता शारदा देवी की जन्मस्थली, तथा निकटवर्ती कामारपुकुर, श्रीरामकृष्ण परमहंस की जन्मस्थली, तक तीर्थ यात्राओं को मजबूती मिलेगी। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय व्यापार, रोजगार और आजीविका के अवसर भी सृजित होंगे।

इसके अतिरिक्त, मयनापुर-जयरामबाटी के बीच शुरू होने वाली नई ट्रेन सेवा से बांकुड़ा जिले के निवासियों को सीधी रेल सुविधा मिलेगी। उद्घाटन के अवसर पर स्पेशल ट्रेन 08095 जयरामबाटी-बांकुड़ा मेमू स्पेशल 18 जनवरी को दोपहर 3 बजे जयरामबाटी से प्रस्थान करेगी और शाम 5:35 बजे बांकुड़ा पहुंचेगी। यह ट्रेन बरोगोपीनाथपुर, मयनापुर, गोकुलनगर जॉयपुर, बिरसा मुंडा हाल्ट, बिष्णुपुर, रामसागर, ओंदाग्राम और भेदुआसोल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## न्यूज अपडेट

### कांग्रेस के जिला स्तर के नेता सीट बंटवारे के खिलाफ, अकेले लड़ना चाहते हैं विधानसभा चुनाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में कांग्रेस के ज्यादातर जिला स्तर के नेता विधानसभा चुनाव में किसी भी पार्टी के साथ सीट-बंटवारे की योजना के खिलाफ हैं। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने हाल ही में जिला नेताओं से गठबंधन और सीट बंटवारे पर राय मांगी थी। ज्यादातर नेताओं ने कहा कि पार्टी को कुछ सीटें जीतने के लिए सहयोगियों पर निर्भर रहने की बजाय, चुनाव अकेले ही लड़ना चाहिए। जिला नेताओं से विशेष रूप से सीपीआई (एम) नेतृत्व वाले वाम मोर्चा, तृणमूल कांग्रेस, एआईएसएफ और निलंबित तृणमूल कांग्रेस विधायक हुमायूं कबीर की जनता उन्नयन पार्टी के साथ गठबंधन और सीट शेयरिंग पर राय मांगी गई थी। सूत्रों ने कहा कि केवल दो जिलों के नेता ही वाम मोर्चा के साथ गठबंधन को जारी रखने के पक्ष में थे। किसी भी जिला नेता ने तृणमूल कांग्रेस के साथ किसी समझौते का समर्थन नहीं किया। महिला एवं बाल विकास समिति के एक अंदरूनी सूत्र ने बताया कि सीट बंटवारे पर अंतिम फैसला पार्टी की उच्च कमान या अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी करेगी। राज्य नेतृत्व ने केवल जिला स्तर पर प्रतिक्रिया एकत्र की है और अब इसे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को भेजा जाएगा।

### पश्चिम बंगाल जाट समाज का गंगासागर में सेवा शिविर



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल जाट समाज द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगासागर में सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह सेवा शिविर गंगासागर मेला प्रांगण रोड नबर - 4 पर 11 जनवरी से शुरू हो चुका है, जो 15 जनवरी तक तीर्थयात्रियों की सेवा में लगा रहेगा। सेवा कार्यों में हमेशा अग्रणी रहने वाला पश्चिम बंगाल का जाट समाज देश के विभिन्न राज्यों से आये गंगासागर पहुंचने वाले तीर्थयात्रयों के सेवा कार्य में पूरी तन्मयता के साथ जुटा है। सेवा शिविर में दिन-रात चाय, नाश्ता और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था तीर्थयात्रियों के लिये की गयी है। संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य इस पुण्य कार्य को सफल करने के लिए कई दिनों से दिन-रात एकजुट होकर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। थके हारे देश के कोने-कोने से सागर संगम में स्नान करने आये श्रद्धालुओं के लिए बड़ा ही सुंदर पारिवारिक वातावरण सेवा शिविर में देखने को मिल रहा है। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष मोहन बाना, सचिव उमेद चबरवाल और ट्रस्टी एवं कमेटी मेंबर्स के साथ प्रकाश ग्वाला, हनुमान प्रसाद साहू की भूमिका मुख्य रूप से सराहनीय है।

### गंगासागर मेले में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का सेवा शिविर, 3 हजार से अधिक कंबल-शॉल वितरित



**कोलकाता, समाज्ञा :** गंगासागर तीर्थ मेले के अवसर पर आउटराम घाट स्थित सेवा शिविर में कोलकाता कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की ओर से तीर्थयात्रियों के लिए व्यापक सेवा कार्य किए जा रहे हैं। शिविर के तहत अब तक 3 हजार से अधिक कंबल और शॉल का वितरण किया जा चुका है। साथ ही, प्राथमिक चिकित्सा शिविर भी संचालित किया जा रहा है, जो 16 जनवरी तक जारी रहेगा। संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमार अवस्थी, सचिव योगेश कुमार अवस्थी ने बताया सेवा शिविर में सहयोगी डॉ. प्रेमशंकर त्रिपाठी, पंडित लक्ष्मीकांत तिवारी, महेश अग्रवाल, अंकित भुवालका, विवेक अडूकिया, विकास चौधरी, विकास अग्रवाल, अक्षय नाथानी के मार्गदर्शन में अस्पताल में रोगियों को फल वितरण, आश्रम में भोजन सेवा, नेत्र चिकित्सा - चश्मा वितरण, गौसेवा, कन्या विवाह में सहयोग, विविध सेवाकार्यों के प्रति कार्यकर्ता समर्पित हैं। इन कार्यों में दिनेश अवस्थी, आञ्जनेय शर्मा, पवन शुक्ला, नरेन्द्र अवस्थी, भोला बाजपेई, पवन त्रिवेदी, गोपाल मिश्रा, सुशील सिंघल, रमेश तिवारी, अशोक गुप्ता, सुमन अवस्थी, रेणु अवस्थी, सबिता शर्मा, सन्तोष अवस्थी, संध्या बाजपेई, वेदांश, प्रांशु, आशीष, भूमि, विनोद, आदित्य, यश सहित समाज के अनेक सदस्य सक्रिय सहयोग दे रहे हैं।

### तीर्थार्थी सेवा संस्थान के सेवा शिविर में श्रीमद्भागवत कथा अमृत का भव्य आयोजन

**❑ आउट्रम घाट में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ रही भक्तों की भारी भीड़**



**कोलकाता, समाज्ञा :** गंगासागर तीर्थ मेले के अवसर पर आउट्रम घाट स्थित तीर्थार्थी सेवा संस्थान के सेवा शिविर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा अमृत की अविरल वर्षा से भक्तिमय माहौल बना हुआ है। कथा के चौथे दिन मंगलवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भावपूर्ण आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास पंडित संतन पांडेय जी महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वाचन करते हुए कहा कि यह प्रसंग हमें सिखाता है कि चाहे बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है। उनके प्रवचनों से पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में श्रवण कुमार शर्मा ने अपनी धर्मपत्नी सुषमा शर्मा के साथ बालकृष्ण को पालने में झुलाया। कार्यक्रम में तीर्थार्थी सेवा संस्थान के अध्यक्ष केशरी कुमार तिवारी, गंगासागर मेला आयोजन समिति 2026 के सचिव मुकेश पांडेय अपनी धर्मपत्नी सहित उपस्थित रहे। कृष्ण जन्मोत्सव के उपरांत शिविर में बधाई और सोहर गीत गूंज उठे तथा भक्तों ने उल्लासपूर्वक उत्सव मनाया।



जौनपुर नागरिक संघ के सेवा शिविर में संघ के पदाधिकारी एवं संघ संरक्षक राजेश उपाध्याय, सचिव कमला शंकर शर्मा, अध्यक्ष लालमणि मिश्र, संरक्षक श्रीकांत शर्मा, युगल किशोर सिंह, सुरेश कुमार सिंहानिया, संरक्षक रामप्रवेश चौबे, संघ के संयोजक अशोक यादव, कोषाध्यक्ष रामजी मिश्र एवं संस्था के कार्यकर्ता उपस्थित।




गोरखपुर नागरिक संघ एवं जन कल्याण सेवा संघ सागर क्षेत्र में संयुक्त सेवा कार्यों में तत्पर हैं। इस सेवा कार्य में द्रोणाचार्य मिश्र एवं जगदीश प्रसाद पाण्डेय की सक्रिय सहभागिता है।

# सिंगूर की धरती से भाजपा का उद्योग संदेश : टाटा फिर आएगा, बस बंगाल में सत्ता परिवर्तन जरूरी

## भाजपा की सरकार बनने के बाद नवान्न का होगा शुद्धिकरण : सुकांत मजूमदार

**हुगली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी सिंगूर दौरे से पहले भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में औद्योगीकरण को लेकर बड़ा राजनीतिक संदेश दिया है। सिंगूर की धरती पर खड़े होकर भाजपा के केंद्रीय राज्य मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दावा किया कि भविष्य में टाटा समूह की वापसी संभव है, बशर्ते पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन हो और भाजपा को शासन की जिम्मेदारी मिले।



सुकांत मजूमदार ने कहा कि पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिंगूर आ रहे हैं। उसके बाद टाटा भी आएगा। बंगाल में सिर्फ शासन परिवर्तन की जरूरत है। भाजपा को सत्ता में लाना होगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि टाटा समूह के जाने के साथ ही बंगाल से औद्योगीकरण की विदाई हो गई थी और इस सच्चाई को भाजपा जनता तक पहुंचा रही है।

भाजपा की योजना है कि 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी की सिंगूर रैली के माध्यम से राज्य में औद्योगीकरण का मुद्दा केंद्र में लाया जाए। उल्लेखनीय है कि 18 मई 2006 को टाटा समूह ने सिंगूर में 'नैनो' कार फैक्ट्री लगाने की घोषणा की थी। लगभग 20 साल बाद, 18 जनवरी को भाजपा उसी सिंगूर से नए औद्योगिक सपने की शुरुआत करना चाहती है।

स्वर्गीय उद्योगपति रतन टाटा का हवाला देते हुए सुकांत मजूमदार ने कहा टाटा को बंगाल से भगाना एक कलंक था। रतन टाटा ने कहा था कि हमने खराब 'एम' को छोड़कर अच्छे 'एम' को चुना - खराब 'एम' यानी ममता बनर्जी और अच्छे 'एम' यानी तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी। इस कलंक को मिटाने का काम भाजपा करेगी और टाटा समेत अन्य उद्योगपतियों को बंगाल में वापस लाएगी।

बुधवार को सुकांत मजूमदार ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रस्तावित सभा स्थल का निरीक्षण किया और साह-नापाड़ा गांव में जाकर लोगों को आमंत्रण पत्र बांटे। टाटा समूह के जाने के बाद यह पहली बार होगा जब प्रधानमंत्री मोदी सिंगूर में सभा करेंगे। यह रैली सिंहेर बेड़ी मौजा में, राष्ट्रीय राजमार्ग-19 के किनारे, टाटा की जमीन पर आयोजित होगी। स्थानीय भाजपा नेताओं का दावा है कि आमंत्रण पत्र वितरण के साथ-साथ इलाके में जनसंपर्क अभियान भी तेज कर दिया गया है। हालांकि, भाजपा के इस प्रचार अभियान को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने तीखा विरोध जताया है। गोपालनगर क्षेत्र तृणमूल अध्यक्ष अमिय धाड़ा ने कहा,

जहां असली आंदोलन हुआ था गोपालनगर, घोषपाड़ा और बेड़ाबेड़ी वहां सुकांत मजूमदार नहीं गए। वे उन इलाकों में गए जहां आंदोलन से जुड़े लोग नहीं थे। वहां के लोग पहले सीपीएम करते थे, अब भाजपा में आ गए हैं। वहां जाकर झूठे वादे किए गए। तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि औद्योगीकरण को लेकर भाजपा के वादे नये नहीं हैं। टीएमसी ने तंज कसते हुए कहा सिंगूर में टाटा लाने की बात पहले भी कही गई थी। पहले लॉकेट चटर्जी ने कहा था कि मुझे जिताओ, मैं टाटा को वापस लाऊंगी। वे चुनाव हार गईं और अब राजनीति से दूर हैं। राज्य की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने भी भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा ममता बनर्जी ने सिंगूर में जो लड़ाई लड़ी थी, उसे देश की सर्वोच्च अदालत ने मान्यता दी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि जमीन अधिग्रहण गलत था। तृणमूल नेता तपसी मलिक को जिंदा जला दिया गया था, उस दिन भाजपा के नेता कहां थे? क्या भाजपा को यह इतिहास याद नहीं?

## शुभेंदु अधिकारी ने ममता को कोयला घोटाले से जुड़े आरोपों को लेकर कानूनी कार्रवाई की दी चेतावनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने खुद को कोयला तस्करी मामले से जोड़ने को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। नेता प्रतिपक्ष ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया कि उन्होंने मानहानि नोटिस का जवाब देने के लिए ममता को जो समय-सीमा दी थी, वह अब समाप्त हो चुकी है। उन्होंने लिखा कि ममता बनर्जी पूरी तरह असमंजस में दिख रही हैं। मेरी ओर से भेजे गए मानहानि नोटिस का जवाब देने के लिए उन्हें जो समय दिया गया था, वह अब खत्म हो चुका है और मुश्किल में होने के कारण वह जवाब नहीं दे पा रही हैं। शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के आरोप



मनगढ़ंत हैं। उन्होंने कहा कि अपने आचरण से मुख्यमंत्री ने यह साफ कर दिया है कि मेरे कोयला घोटाले में शामिल होने को लेकर लगाए गए उनके काल्पनिक आरोप उनकी अस्वस्थ मानसिक स्थिति की उपज हैं। उन्होंने कानूनी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए कहा कि अदालत में कानूनी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें। ममता बनर्जी, अब मैं आपसे अदालत में मिलूंगा। उल्लेखनीय है कि शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को कानूनी नोटिस भेजकर 72 घंटे में सबूत पेश कर यह साबित करने को कहा था कि वह कोयला तस्करी मामले में शामिल हैं। उन्होंने कहा था कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो वह दीवानी और फौजदारी दोनों तरह की मानहानि की कार्यवाही शुरू करेंगे। अधिवक्ता सूर्यनील दास के माध्यम से भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि बनर्जी ने आठ और नौ जनवरी को सार्वजनिक रूप से अधिकारी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को कथित कोयला घोटाले से जोड़ा था और सबूत होने का दावा किया था, लेकिन कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया गया।

## धरना की अनुमति नहीं! नबान्न अभियान मामले में हाईकोर्ट से शुभेंदु को झटका

**कोलकाता :** नबान्न अभियान को लेकर दायर मामले में राज्य के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को कलकत्ता हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि नबान्न के सामने धरना या प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जा सकती।

शुक्रवार को नबान्न के सामने भाजपा द्वारा प्रस्तावित धरना कार्यक्रम को लेकर दायर याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि नबान्न एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रशासनिक केंद्र है और वहां धरना या प्रदर्शन से कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इसी कारण उस स्थान पर धरना की अनुमति देना संभव नहीं है।

हालांकि अदालत ने धरना कार्यक्रम को पूरी तरह से खारिज नहीं किया है। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने सुझाव दिया कि नबान्न बस स्टैंड या मंदिरतला में सभा या धरना आयोजित किया जा सकता है। अदालत के अनुसार, इन स्थानों पर कार्यक्रम होने से प्रशासनिक कार्यों में प्रत्यक्ष बाधा की आशंका कम रहेगी।

इस संदर्भ में अदालत ने याचिकाकर्ता पक्ष को निर्देश दिया है कि वह अगली सुनवाई में स्पष्ट करे कि नबान्न बस स्टैंड या मंदिरतला-इन दोनों में से किस स्थान पर धरना आयोजित करने को वह इच्छुक है। उसके बाद ही अदालत इस मामले में अंतिम फैसला लेगी।

## दांतन में लापता महिला का शव तालाब से बरामद

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के दांतन थाना क्षेत्र में एक लापता गृहिणी का शव मकर संक्रांति की सुबह तालाब से बरामद होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। लगातार कई दिनों की तलाश के बाद बुधवार की सुबह तालाब में महिला का शव तैरता हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए खड़गपुर महकुमा अस्पताल भेज दिया है। मृतका की पहचान आंगुआ ग्राम पंचायत के मालपाड़ा गांव निवासी गोपा घोष के रूप में हुई है। वह बीते शुक्रवार की रात से लापता थीं। रविवार की सुबह हासिमपुर इलाके के एक तालाब के किनारे से उनके जूते और टॉर्च बरामद होने के बाद मामला रहस्यमय हो गया था। इसके बाद, रविवार, सोमवार और मंगलवार तक सिविल डिफेंस की टीम ने तालाब में लगातार तलाशी अभियान चलाया, लेकिन शव नहीं मिला। सोमवार को तलाशी के दौरान तालाब से एक चादर बरामद हुई थी, जिसमें कई ईंटें बंधी हुई थीं। इससे पुलिस को किसी साजिश की आशंका हुई। आखिरकार, बुधवार की सुबह उसी तालाब से गृहवधू का शव पानी की सतह पर तैरता मिला। परिवार सूत्रों के अनुसार, करीब छह वर्ष पूर्व गोपा घोष की शादी मालपाड़ा गांव के मिलन घोष से प्रेम विवाह के जरिए हुई थी। दंपत्ति का एक पांच वर्षीय पुत्र भी है। मृतका के पिता गोलोक घोष का आरोप है कि उनकी बेटी की हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से ससुराल में पारिवारिक कलह चल रही थी। घटना के बाद से मृतका का पति मिलन घोष फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने पूछताछ के लिए मृतका के ससुर और सास को हिरासत में ले लिया है। उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल, पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## बीबी गांगुली स्ट्रीट पर फर्नीचर दुकानों में लगी आग, दस गाड़ियों ने पाया काबू



❑ **घटना में कोई हताहत नहीं, दुकान को व्यापक नुकसान की आशंका**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मध्य कोलकाता के बीबी गांगुली स्ट्रीट इलाके में बुधवार की सुबह कई दुकानों में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी भीषण थी कि पूरे क्षेत्र में धुएं का गुबार फैल गया और दृश्यता कम हो गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह करीब 11 बजे आग सबसे पहले इस इलाके की एक प्लाइवुड की दुकान में लगी। तेज उत्तरी हवा के कारण आग ने तेजी से आसपास की दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। यह इलाका घनी आबादी वाला है और यहां कई फर्नीचर की दुकानें हैं, जिससे आग फैलने का खतरा और बढ़ गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, दुकानों के अंदर बड़ी मात्रा में फर्नीचर और अन्य ज्वलनशील सामग्री रखी होने के कारण आग तेजी से फैलती गई। इलाके में फैले बिजली के तार भी चिंता का विषय बना। आशंका जताई जा रही है कि यदि आग बिजली के तारों तक पहुंचती, तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रशासन ने आग के आसपास की दुकानों और रिहायशी मकानों तक आग फैलने की संभावना को देखते हुए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और आग बुझाने का कार्य जारी है। अग्निकांड की घटना के बाद दमकल कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए बीबी गांगुली मार्ग पर यातायात सेवा को कुछ देर तक नियंत्रित रखा गया। आग बुझने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। आग से फर्नीचर दुकान को व्यापक नुकसान होने की खबर है।

## गंगासागर यात्रा ने जोड़ा पूरा देश, हावड़ा में दिखी 'मिनी भारत' की झलक



**हावड़ा, समाज्ञा :** गंगासागर मेले के दौरान हावड़ा में देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। हावड़ा स्टेशन से सटे श्री नागाबाबा आश्रम परिसर में स्थापित गंगासागर सेवा शिविर में उत्तर और दक्षिण भारत के दूर-दराज इलाकों से आए तीर्थयात्री बड़ी संख्या में ठहर रहे हैं। श्रद्धालुओं की विविधता के कारण यह शिविर किसी 'मिनी भारत' जैसा प्रतीत हो रहा है।

8 जनवरी से नागाबाबा आश्रम में गंगासागर यात्रियों के लिए विशेष कैंप की व्यवस्था की गई है। गंगा तट पर पंडाल लगाए गए हैं तथा मंदिर परिसर में आवास और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और तमिलनाडु सहित कई राज्यों से हजारों श्रद्धालु ट्रेन से हावड़ा स्टेशन पहुंचकर सीधे आश्रम आ रहे हैं। यहां श्रद्धालु सामान रखने और भोजन के बाद अगले दिन बाबूघाट के लिए रवाना होते हैं, जहां से बसों द्वारा गंगासागर पहुंचकर सागर स्नान करते हैं। स्नान के बाद पुनः आश्रम लौटकर विश्राम और भोजन कर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करते हैं। कैंप में प्रतिदिन श्रद्धालुओं को निःशुल्क चाय-बिस्कुट, दोपहर का भोजन और रात्रि भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। सोने के लिए चादर, गद्दा और कंबल भी प्रदान किए जा रहे हैं। संस्था के सचिव अशोक साहा ने बताया कि स्वयंसेवक पूरी निष्ठा से तीर्थयात्रियों की सेवा कर रहे हैं। एक बुजुर्ग श्रद्धालु ने व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यहां की अतिथि सेवा अविस्मरणीय है। यह सेवा शिविर 16 जनवरी तक संचालित रहेगा।

## गोयनका मंदिर, कोलकाता में मकर संक्रांति महोत्सव का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर बुधवार को गोयनका मंदिर, कोलकाता में पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर गोयनका परिवार की कुलदेवी श्री बीरां बरजी दादी का पतंगों और रंग-बिरंगे फूलों से भव्य एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया, जिसने भक्तों का मन मोह लिया। महोत्सव के दौरान गोयनका परिवार के अनेक सदस्यों ने मंदिर में उपस्थित होकर कुलदेवी के दर्शन किए और पूजा-अर्चना में भाग लिया। धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच घेवर एवं तिल की गजक का प्रसाद वितरित किया गया, जिसे भक्तों ने श्रद्धा भाव से ग्रहण किया। इस अवसर पर गोयनका परिवार के जनरल सेक्रेटरी सुभाष चंद्र गोयनका भी उपस्थित रहे।

## एसआईआर सुनवाई के दौरान एक साथ 17 बीएलओ का इस्तीफा, हावड़ा में मचा हड़कंप



**हावड़ा, समाज्ञा :** एसआईआर की सुनवाई प्रक्रिया के बीच हावड़ा जिले में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। बांकरा नंबर-1 ग्राम पंचायत क्षेत्र में एक साथ 17 बीएलओ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। बुधवार दोपहर संबंधित बीएलओ ने बीडीओ के माध्यम से निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के समक्ष अपने इस्तीफे जमा कराए। इस्तीफे में बीएलओ ने बताया कि वे पिछले दो महीनों से अधिक समय से एसआईआर का कार्य कर रहे थे। हालांकि, अंतिम चरण में चुनाव आयोग की ओर से व्हाट्सऐप के माध्यम से बार-बार नए निर्देश जारी किए जाने से कार्यप्रणाली जटिल हो गई। निर्देशों में लगातार बदलाव के कारण काम करना कठिन होता जा रहा था। बीएलओ का आरोप है कि जिन मतदाताओं ने पहले ही दस्तावेज जमा कर दिए थे, उनसे नए निर्देशों के तहत दोबारा कागजात मांगे जा रहे हैं। इससे मतदाताओं में नाराजगी बढ़ रही है और उन्हें बार-बार सुनवाई के लिए बुलाना पड़ रहा है, जिसका सीधा दबाव बीएलओ पर पड़ रहा है। इस्तीफे में यह भी कहा गया है कि इस स्थिति से मतदाताओं के बीच बीएलओ की विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है। कई मामलों में उन्हें अपमानजनक टिप्पणियों और सामाजिक असंतोष का सामना करना पड़ रहा है। लगातार बढ़ते मानसिक दबाव और सामाजिक प्रतिष्ठा पर पड़ रहे असर को देखते हुए बीएलओ ने एसआईआर से जुड़ी जिम्मेदारियों से मुक्त करने की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि मतदाताओं की असुविधा चुनाव आयोग के नीतिगत निर्णयों का परिणाम है, जिसकी जिम्मेदारी आयोग को ही लेनी चाहिए।

### फरक्का में करीब 200 बीएलओ ने दिया सामूहिक इस्तीफा



**मुर्शिदाबाद :** जिले के फरक्का ब्लॉक में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर हालात लगातार तनावपूर्ण होते जा रहे हैं।एसआईआर के नाम पर आम लोगों को परेशान किए जाने का आरोप लगाते हुए फरक्का ब्लॉक के सभी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) ने एक साथ सामूहिक इस्तीफा दे दिया है।यह इस्तीफा बुधवार की सुबह फरक्का ब्लॉक इलेक्शन ऑफिसर यानी ईआरओ को सौंपा गया। जानकारी के मुताबिक, करीब 200 बीएलओ ने अपने पद से इस्तीफा दिया है।बीएलओ का आरोप है कि चुनाव आयोग की ओर से बिना किसी साफ और ठोस दिशा निर्देश के बार-बार व्हाट्सएप के जरिए बदलते हुए आदेश भेजे जा रहे हैं।पहले कहा गया था कि केवल फॉर्म भरने से प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, लेकिन बाद में सुनवाई के नाम पर आम लोगों को बार-बार फोन कर बुलाया जाने लगा।

### न्यूज ब्रीफ

### आईएमडी ने राज्य में इस सप्ताहांत से ठंड से राहत मिलने की जताई संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के सभी जिलों में न्यूनतम तापमान दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी के साथ ही राज्य में इस सप्ताहांत से ठंड से राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि राज्य में अगले पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है और सुबह के समय कोहरा भी छाया रह सकता है। आईएमडी ने पूर्वानुमान जताया है कि दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और कूचबिहार के उप-हिमालयी जिलों में अगले कुछ दिनों तक घना कोहरा रह सकता है, जबकि राज्य के अन्य हिस्सों में हल्का से मध्यम कोहरा रहेगा। मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना के साथ ही रविवार से ठंड कम होने का पूर्वानुमान है।

### न्यूटाउन में दो बाईकों के आपसी संघर्ष में के दो युवकों की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यूटाउन में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई भीषण भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना मंगलवार की रात को उस समय हुई, जब असित महतो और प्रणयदीप मांझी नामक दो युवक विपरीत दिशाओं से अपनी मोटरसाइकिलों पर आ रहे थे। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, तेज रफ्तार से आ रहे दोनों वाहनों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन सवार अपने वाहनों से कई मीटर दूर जा गिरे। अधिकारी ने बताया कि असित महतो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल प्रणयदीप मांझी को स्थानीय लोगों ने तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान मांझी ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच जारी है।

### दासपुर में कीचड़ से सना शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**पूर्व मेदिनीपुर :** घाटाल-पांशकुड़ा सड़क किनारे दासपुर थाना अंतर्गत महमूदपुर गांव में बुधवार की सुबह 8 बजे सड़क किनारे नाले के कीचड़ में सने व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान टिंकू शेख (45) के रूप में हुई है। वह पेशे से राजमिस्त्री बताया जा रहा है और इलाके में किराए के मकान में रहकर काम करता था। सूचना पाकर दासपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। स्थानीय पंचायत सदस्य खोखन खान ने बताया कि मृतक मंगलवार की शाम करीब 7 बजे चौक की एक दुकान पर उनके साथ चाय पी रहा था। उन्होंने कहा कि रात करीब आठ बजे से उसके साथी उसे ढूंढ रहे थे, लेकिन कहीं पता नहीं चला। बुधवार की सुबह ग्रामवासियों से शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल के पास जूते और कपड़े बिखरे हुए मिले हैं, जबकि शव कीचड़ से लथपथ था, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोयना अस्पताल भेज दिया है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।

### बाप की हत्या के आरोप में बेटे को उम्रकैद की सजा

**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना जिले के रायदीघी थाना अंतर्गत कुमरोपाड़ा इलाके में पिता की शाबल से हत्या के मामले में अदालत ने आरोपी युवक दीपंकर गायेन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त छह महीने की कैद भुगतनी होगी। यह फैसला बुधवार को डायमंड हार्बर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय, फर्स्ट ट्रैक सेकेंड कोर्ट के न्यायाधीश धीमान बर्मन ने सुनाया। मामले में सरकारी अभियोजक मिकाइल मोल्ला ने बताया कि 19 दिसंबर 2022 को आरोपी दीपंकर गायेन ने रायदीघी थाना क्षेत्र के कुमरोपाड़ा इलाके में शाबल से अपने ही पिता की बेरहमी से हत्या कर दी थी। घटना के बाद रायदीघी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और जांच पूरी कर अदालत में चार्जशीट दाखिल की। लंबी सुनवाई और गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया और बुधवार को सजा का ऐलान किया।

### न्यूज अपडेट

### शालिमार जीआरपी थाने के पास अस्थायी दुकानों में लगी आग



**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले में बुधवार को शालिमार जीआरपी थाने के पास अस्थायी दुकानों में अचानक आग लग गई। दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस ने मौके पर तुरंत पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। फिलहाल, आग के कारणों का पता नहीं चल सका है। स्थानीय लोगों और दुकानदारों के अनुसार, आग काफी तेजी से फैल रही थी, जिससे आसपास के लोगों में डर और हड़कंप मच गया। घटना के समय कई दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर चुके थे, लेकिन कुछ लोग अपने सामान बचाने की कोशिश में मौके पर पहुंचे। हावड़ा दमकल विभाग की टीम ने कई गाड़ियों के साथ आग पर काबू पाने का प्रयास किया। दमकल अधिकारी ने बताया कि आग को नियंत्रित करने में लगभग दो घंटे का समय लगा। आग लगने की वजह से कई दुकानों का सामान जलकर खाक हो गया। दुकानदारों ने इस घटना से हुए नुकसान की जानकारी पुलिस को दी। स्थानीय पुलिस और जीआरपी अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और फिलहाल जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग किसी तकनीकी कारण, शॉर्ट सर्किट या लापरवाही से लगी हो सकती है, लेकिन इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी घटना के संबंध में जानकारी मांगी है।

### कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति के मेला शिविर में तीर्थयात्रियों में उल्लास




**सागर द्वीप :** कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति के तत्वावधान में संस्था के भवन स्वर्ग आश्रम में गंगासागर तीर्थयात्री सेवा-सुविधाएँ पाकर उल्लसित दिखाई दे रहे हैं। तीर्थयात्रियों को नि:शुल्क आवास, चाय, नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। मंगलवार को केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने सेवा शिविर का अवलोकन किया और संस्था द्वारा किए जा रहे इस पुनीत कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष महेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष सीताराम वर्मा, मुरारीलाल सराफ, सचिव नंदकिशोर भूतड़ा, मेला संयोजक बजरंगलाल खेरिया, राजेश गुप्ता, सहसचिव दयानंद गुप्ता, सदस्य विवेक अग्रवाल, भंवरलाल बिहानी, प्रदीप चिरानिया, सुरेंद्र शर्मा, मुकेश गुप्ता, सुशील कुमार मिमाणी, गोवर्धनसिंह राजपुरोहित, अरुण बागड़ोदिया, जोगसिंह राजपुरोहित, मनोज तिवारी, राकेश शर्मा, मुकेश गोयल, आर्यमान चौधरी, अनिल गोयल, अमित गोयल, सुनील गुप्ता, राहुल जैन, नीरज अग्रवाल, पदमेश सेवदा, धर्मेश जुठानी, शिवकुमार मोहता एवं मुकेश राजपुरोहित उपस्थित रहे। इसके साथ ही महिला कार्यकर्ताओं सरला भूतड़ा, किरण चांडक, प्रिया शारडा, अवंतिका चांडक, कविता कारनानी, सूरजदेवी राजपुरोहित, कुसुम मोहता, मंजू राठी, भीनेश शारडा, यस बाफना, कृष्णम चिरीमार एवं मुदित अग्रवाल सहित अन्य सदस्य मेला सेवा शिविर को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### गंगासागर मेले में हैम रेडियो ने अपनाई नई आधुनिक तकनीक



**गंगासागर :** दक्षिण 24 परगना के सागर द्वीप में आयोजित गंगासागर मेले के दौरान हैम रेडियो सैटेलाइट से जुड़े विशेष उपकरणों के माध्यम से प्रशासन और विभिन्न एजेंसियों के बीच संपर्क बनाए रखता है। इनके सहयोग से भटके हुए श्रद्धालुओं को उनके परिवार से मिलाया जाता है, वहीं गंभीर रूप से बीमार मरीजों को एयरलिफ्ट कर कोलकाता भेजने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है। वेस्ट बंगाल हैम रेडियो के संपादक अम्बरीश नाग विश्वास (राजू) और रिंकू नाग विश्वास के नेतृत्व में 50 सदस्यीय दल 9 से 17 जनवरी तक लगातार सेवा में जुटा रहा। बीते 36 वर्षों से यह टीम मेला कार्यालय के मेगा कंट्रोल रूम, मेला परिसर, के-2 और के-3 बस स्टैंड, विभिन्न स्नान घाटों व सूचना केंद्रों से 24 घंटे निगरानी रखती है। इस वर्ष पहली बार डिजिटल मोबाइल रेडियो जैसी अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग कर गोपनीय तरीके से सूचना का आदान-प्रदान किया गया। इसी तकनीक से रूस से आए एक श्रद्धालु को उसके परिवार से मिलाने में सफलता मिली। अम्बरीश नाग विश्वास ने बताया कि ूहरा.ळप वेबसाइट के माध्यम से भी लापता या अस्पताल में भर्ती व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें परिजनों तक पहुंचाया जा रहा है। संचार व्यवस्था को सुचारु रखने में हैम रेडियो की भूमिका बेहद अहम है।

### 2002 की सूची में नाम नहीं, देश छोड़ने के आतंक से गुमा में वृद्ध की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** बनगांव-सियालदह शाखा पर गुमा स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान निखिल चंद्र दास (70) के तौर पर हुई है। वह मतुआ समुदाय से बताया जा रहा है। मंगलवार की रात उसकी मौत हो गई। पता चला है कि उसे बुधवार को एसआईआर हियरिंग के लिए बुलाया गया था। परिवार का दावा है कि उसने डर के मारे आत्महत्या किया। निखिल अशोकनगर के गुमा शांतिनगर इलाके का निवासी था। मंगलवार की रात गुमा स्टेशन के पास रेलवे पुलिस ने उसे गंभीर चोटों के साथ बचाया था। चश्मदीदों ने बताया कि हादसे के बाद वह कुछ देर तक जिंदा था। उसने आस-पास के लोगों से पानी मांगा। बनगांव रेलवे पुलिस ने बॉशव बरामद की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार का दावा है कि हियरिंग नोटिस भेजे जाने के बाद से ही वह परेशान था।

# पोंगल उत्सव में शामिल हुए प्रधानमंत्री मोदी, वैश्विक पर्व की संज्ञा दी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में पोंगल समारोह में भाग लिया और कहा कि प्रकृति के साथ सौहार्दपूर्ण संतुलन का संदेश देने वाला यह पर्व अब वैश्विक बन गया है और दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक का प्रतिनिधित्व करता है। यहां केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन के आवास पर हुए समारोह में मोदी की मौजूदगी को तमिलनाडु के लोगों से संपर्क साधने के रूप में भी देखा जा रहा है, जहां अगले कुछ महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं। इस कार्यक्रम में हाल में रिलीज हुई फिल्म 'पराशक्ति' के कलाकारों समेत तमिल समाज के कई जाने-माने लोग भी शामिल थे। प्रधानमंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस पर्व पर किसानों के परिश्रम का उत्सव मनाया जाता है और पृथ्वी तथा सूर्य के प्रति कृतज्ञता प्रकट की जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''पोंगल का त्योहार हमें याद दिलाता है कि आभार शब्दों से आगे बढ़कर जताया जाना चाहिए और हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का एक जरूरी हिस्सा बन जाना चाहिए। जब धरती हमें इतना कुछ देती है, तो यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इसे संजोएं और इसकी रक्षा करें।''



कार्यक्रम में कई केंद्रीय मंत्री, नौकरशाह और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित थे। इनमें उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी और राम मोहन नायडू शामिल थे। तमिल फिल्म 'पराशक्ति' के अभिनेता शिवकार्तिकेयन और रवि मोहन तथा संगीतकार जी वी प्रकाश कुमार समेत फिल्म से जुड़े अन्य लोगों ने भी समारोह में शिरकत की। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में तमिल समुदाय और तमिल संस्कृति को संजोने वाले लोग बड़े उत्साह से पोंगल मनाते हैं और उनके बीच आकर वह गौरव की अनुभूति कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि तमिल संस्कृति दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है और इसमें सदियों की बुद्धिमत्ता और परंपरा है जो इतिहास से सबक लेकर भविष्य का रास्ता दिखाती है।

### मकर संक्रांति का पर्व भारत के समृद्ध सांस्कृतिक परिदृश्य को दर्शाता है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मकर संक्रांति के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि फसल से जुड़ा यह पर्व देश के समृद्ध सांस्कृतिक परिदृश्य को दर्शाता है और नागरिकों को उस एकजुटता की भावना की याद दिलाता है जो सभी को बांधती है। मकर संक्रांति फसल से जुड़ा एक उत्सव है जो देश के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय परंपराओं और रीति-रिवाजों के अनुसार मनाया जाता है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है और इसे उत्तरायण पर्व भी कहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''संक्रांति का यह पर्व देश के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय रीति-रिवाजों और परंपराओं के अनुसार मनाया जाता है। मैं भगवान सूर्य से सभी की खुशी, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना करता हूं।'' उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, ''उत्तरायण के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं! मकर संक्रांति का यह पवित्र त्योहार आपके जीवन को खुशियों से भर दे और सभी को अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली का आशीर्वाद मिले।''



**नागपुर: महाराष्ट्र के नागपुर में मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित पतंग उत्सव में भाग लेते युवक और युवतियाँ।**

## न्यूज इन ब्रीफ

### 'ऑपरेशन पवन' के दौरान भारतीय सैनिकों के बलिदान का सम्मान किया जाना चाहिए: रक्षा मंत्री

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि लगभग चार दशक पहले श्रीलंका में 'ऑपरेशन पवन' के दौरान भारतीय सैनिकों द्वारा किए गए बलिदान को सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने इस दौरान 1990 के दशक की सरकारों पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि उस समय सैनिकों के योगदान को सार्वजनिक रूप से पर्याप्त मान्यता नहीं दी गई। सिंह ने कहा कि मोदी सरकार न केवल खुले दिल से इस अभियान में शामिल भारतीय सैनिकों के योगदान को स्वीकार कर रही है, बल्कि हर स्तर पर उनके योगदान को मान्यता देने की प्रक्रिया में भी है।

### मप्र: मुस्लिम व्यक्ति ने स्कूल के नाम पर बनाई इमारत, प्रशासन ने अवैध बताकर एक हिस्से को तोड़ा


**बैतूल :** मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में अब्दुल नइम नाम के एक व्यक्ति ने कथित तौर पर स्कूल के लिए एक इमारत बनवायी लेकिन प्रशासन ने इस निर्माण को अवैध बताते हुए एक हिस्से को गिरा दिया। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, यह मामला भैंसदेही तहसील के अंतर्गत आने वाले धाबा गांव का है, जहां मंगलवार शाम को प्रशासन ने स्थानीय उप संभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) अजीत मारावी के नेतृत्व में इमारत का शेड (लोहे की चादरों से बना एक ढांचा) ढहाने की कार्रवाई की।

### लक्षद्वीप के पांच द्वीपों में नौसेना ने शुरू किया व्यापक चिकित्सा शिविर

**नयी दिल्ली :** दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक पहुंच बनाने की सरकार की प्राथमिकता के अनुरूप भारतीय नौसेना लक्षद्वीप के पांच रणनीतिक द्वीपों में रहने वाले लोगों को व्यापक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पांच-दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन कर रही है। नौसेना के अनुसार, अमीनी, अंद्रोथ, अगत्ती, कवरत्ती और मिनिकॉय द्वीपों में लोगों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए नौसेना, थल-सेना और वायुसेना के 29 चिकित्सा अधिकारी, दो नर्सिंग अधिकारी और 42 पैरामेडिकल कर्मियों को तैनात किया गया है।

## मकर संक्रांति के मौके पर अमित शाह ने अहमदाबाद में उड़ाई पतंग

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद के आसमान में बुधवार सुबह हजारों रंग-बिरंगी पतंगे नजर आईं। 'उत्तरायण' के जश्न में लोग पतंगबाजी के लिए अपने-अपने छतों पर उमड़ पड़े और काई पो छे की गूंज से शहर जीवंत हो उठा। छतों में बज रही बॉलीवुड गीतों की धुन और 'चिक्की' की खुशबू ने उत्सव के माहौल को और जीवंत बना दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस अवसर पर अपने परिवार और यहां नारनपुरा इलाके के लोगों के साथ पतंगबाजी का आनंद उठाया। गुजरात में मकर संक्रांति को 'उत्तरायण' कहा जाता है। इस अवसर पर केवल आसमान ही नहीं बल्कि गलियां और मोहल्ले भी उत्साह के रंग में रंग गए। प्रतिद्वंद्वी की पतंग काटने पर लगने वाला काई पो छे और डोर लपेटने का इशारा लपेट हर ओर सुनाई देता रहा।



## पिछले दो-तीन वर्षों में अरावली की हजारों हेक्टेयर भूमि पर पारिस्थितिकी को बहाल किया: भूपेंद्र यादव

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कहा कि पिछले दो से तीन वर्षों में अरावली की हजारों हेक्टेयर भूमि पर पारिस्थितिकी को बहाल किया गया और सरकार पारिस्थितिकी को विकास के केंद्र में रखते हुए इस कार्य को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने यहां 'नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इको-रिस्टोरेशन ऑफ द अरावली लैंडस्केप: स्ट्रेंथनिंग द अरावली ग्रीन वॉल' में अपने उद्घाटन भाषण के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, सरकार अरावली पर्वतमाला और देशभर में इसी तरह के अन्य पारिस्थितिक तंत्रों के संरक्षण व उन्हें बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले दो-तीन वर्षों में अरावली क्षेत्र में हजारों हेक्टेयर भूमि पर पारिस्थितिक को बहाल किया गया और सरकार विकास के केंद्र में इसी को रखते हुए इस कार्य को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यादव ने कहा कि सरकार ने 'अरावली ग्रीन वॉल' परियोजना शुरू की है। यह परियोजना संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय (यूएनसीसीडी) के तहत भारत की उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसके तहत 2030 तक 2.6 करोड़ हेक्टेयर खराब हो चुकी भूमि पर पारिस्थितिक को बहाल किया जाएगा।



## लाल किला के निकट हुए विस्फोट मामले में पांच आरोपियों की एनआईए हिरासत 16 जनवरी तक बढ़ी

नयी दिल्ली : दिल्ली की एक अदालत ने लाल किला के निकट धीमी गति से चलती एक कार में हुए विस्फोट के मामले में तीन चिकित्सकों और एक मौलवी सहित पांच आरोपियों की एनआईए हिरासत बुधवार को 16 जनवरी तक बढ़ा दी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चंदना ने डॉ. अदील राथेर, डॉ. शाहीन सईद, डॉ. मुजम्मिल गनेई, मौलवी इरफान अहमद वागे और जसीर बिलाल वानी की हिरासत बढ़ाने संबंधी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की याचिका को स्वीकार कर लिया। एजेंसी ने अपने रिमांड पत्र में कहा है कि आरोपियों का कुछ विरोधाभासी बातों पर अन्य सह-आरोपियों, संदिग्धों और गवाहों से आमना-सामना कराना आवश्यक है।

## हरियाणा और पड़ोसी पंजाब में ठंड का प्रकोप, हिसार में तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस तक गिरा

**चंडीगढ़ :** पंजाब और हरियाणा में बुधवार को कई जगहों पर कड़ाके की ठंड जारी रही। न्यूनतम और अधिकतम तापमान दोनों में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बुधवार को बताया कि हिसार में रात का तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से छह डिग्री कम है। राज्य के कई हिस्सों और पड़ोसी पंजाब में सुबह के समय कोहरे के कारण दृश्यता कम रही। दिन का तापमान तेजी से गिरा, चंडीगढ़ में अधिकतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 10 डिग्री कम था। यहां मौसम विभाग के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि चंडीगढ़ में 25 जनवरी, 2024 को अधिकतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था और आठ जनवरी, 2013 को अब तक का सबसे कम अधिकतम तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। मंगलवार को चंडीगढ़ में अधिकतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। हरियाणा में, दिन में अंबाला में भी कड़ाके की ठंड पड़ी और तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से नौ डिग्री कम था, करनाल में अधिकतम तापमान 10.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से आठ डिग्री कम था, जबकि हिसार में अधिकतम तापमान 13.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से सात डिग्री कम था।



## जम्मू-कश्मीर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा संरचना का महत्वपूर्ण स्तंभ: उत्तरी कमान के कमांडर

**राजौरी/जम्मू :** सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर न केवल रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि मानव संसाधन और सैन्य परंपरा के लिहाज से भी देश की मूल सुरक्षा संरचना का एक अहम स्तंभ है। राजौरी में 10वें 'वेटरन्स डे' समारोह के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सैन्य कमांडर ने सशस्त्र बलों में इस क्षेत्र के योगदान की भी सराहना की। लेफ्टिनेंट जनरल शर्मा ने कहा, ''जम्मू-कश्मीर न केवल रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि मानव संसाधन और सैन्य परंपरा के लिहाज से भी देश की मूल सुरक्षा संरचना का एक अहम स्तंभ है।'' सशस्त्र बलों में क्षेत्र के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि लगभग 1.5 करोड़ की आबादी वाला जम्मू-कश्मीर भारत के सीमा सुरक्षा बलों में करीब चार से पांच प्रतिशत प्रतिनिधित्व रखता है। उन्होंने कहा, ''सशस्त्र बलों की कुल संख्या के अनुपात में देखें तो यह एक महत्वपूर्ण योगदान है।'' क्षेत्र की समृद्ध सैन्य विरासत का उल्लेख करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल शर्मा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विभिन्न रेजिमेंट परंपराओं में गहराई से रचा-बसा है, जो देशभक्ति और बलिदान की एक विशिष्ट भावना को दर्शाती हैं।



## महाराष्ट्र निकाय चुनावों के लिए बृहस्पतिवार को होगा मतदान, मुंबई पर रहेंगी सबकी निगाहें

**मुंबई :** महाराष्ट्र में 29 नगर निकायों के चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को मतदान होगा और सबकी नजर मुंबई पर टिकी है, जहां आर्थिक रूप से समृद्ध बीएमसी पर शासन को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति और ठाकरे बंधुओं के गठबंधन के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की उम्मीद जताई जा रही है। मतदान 893 वार्डों की 2,869 सीट के लिए सुबह साढ़े सात बजे शुरू होगा और शाम साढ़े पांच बजे समाप्त होगा। कुल 3.48 करोड़ मतदाता 15,931 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनावों में 227 सीट के लिए 1,700 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस महानगरपालिका का वार्षिक बजट 74,000 करोड़ रुपये है। मुंबई को छोड़कर, अन्य सभी शहरी निकायों में बहुसदस्यीय वार्ड प्रणाली है। मतगणना 16 जनवरी को होगी।



## उत्तराखंड: सोशल मीडिया पर लाइक पाने की चाह में शेख के लिबास में हर की पौड़ी पहुंचे युवक

**हरिद्वार :** उत्तराखंड के हरिद्वार में हर की पौड़ी पर मंगलवार को अरब के शेख का लिबास पहनकर घूमने वाले दोनों युवक स्थानीय निकले और उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर 'लाइक' और 'कमेंट' पाने की चाह में ऐसा किया था। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। गैर हिंदुओं के लिए प्रतिबंधित हर की पौड़ी क्षेत्र में शेख का लिबास पहनकर घूमते दो युवकों का वीडियो वायरल होने से हड़कंप मंच गया, जिसके बाद पुलिस ने आनन-फानन में उनकी तलाश शुरू की। हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों के जरिए कुछ घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस ने सिडकुल के रावली महदूद गांव के रहने वाले नवीन कुमार और प्रिंस (दोनों की उम्र 22 वर्ष) को तत्काल हिरासत में ले लिया। उन्होंने बताया कि पूछताछ में पता चला कि युवकों ने अपने यूट्यूब चैनल पर ज्यादा से ज्यादा लाइक और कमेंट पाने की चाह में यह हरकत की।



## प्राचीन भारत-ओमान समुद्री संबंधों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से आईएनएसवी कौंडिन्य मस्कट पहुंचा

**मस्कट :** प्राचीन शैली में निर्मित जहाज आईएनएसवी कौंडिन्य गुजरात के तटीय शहर पोरबंदर से 17 दिनों में करीब 650 नॉटिकल मील की दूरी तय कर अपनी पहली समुद्री यात्रा के तहत बुधवार को मस्कट के तट पर पहुंचा। यह चुनौतीपूर्ण अभियान भारत और ओमान के बीच प्राचीन समुद्री संबंधों का प्रतीक है। इस जहाज की कमान विकास शेरॉन संभाल रहे हैं। इस जहाज के चालक दल में चार अधिकारी और 13 नौसैनिक सवार हैं, जिनका यहां भव्य स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह में केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, मस्कट स्थित भारतीय दूतावास के वरिष्ठ अधिकारी, ओमान के विरासत और पर्यटन मंत्रालय के अधिकारी तथा ओमान की शाही नौसेना के अधिकारी भी मौजूद थे।





**अनंतनाग: गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों के मद्देनज़र श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काज़ीगुंड में सुरक्षा कड़ी करते हुए सुरक्षाकर्मी वाहनों की जांच करते हुए**

## केआईडी कैप्सूल ने पीएसएलवी-सी62 से अलग होने के बाद डाटा भेजा: स्पेनिश स्टार्टअप

**चेन्नई :** इसरो के पीएसएलवी-सी62 मिशन में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में इस रॉकेट द्वारा ले जाया गया केआईडी (केस्ट्रेल इनिशियल टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेटर) कैप्सूल ''नष्ट नहीं हुआ और उसने डाटा भेजा''। पेलोड विकसित करने वाली स्पेनिश स्टार्टअप कंपनी 'ऑर्बिटल पैराडिगम' ने यह दावा किया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने हालांकि कंपनी के इस दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की और न ही इसकी पुष्टि की। इस दावे को 13 जनवरी को 'एक्स' पर उसके आधिकारिक अकाउंट पर साझा किया गया था। एक विदेशी पृथ्वी अवलोकन उपग्रह समेत 16 उपग्रहों को लेकर अंतरिक्ष के लिए रवाना होने वाले इसरो के पीएसएलवी-सी62 रॉकेट को प्रक्षेपण के तीसरे चरण में गड़बड़ी का सामना करना पड़ा। इससे यह रॉकेट उड़ान पथ से भटक गया था और उपग्रहों को निर्धारित कक्षा में स्थापित करने में विफल रहा था। इसरो ने सोमवार को यह जानकारी दी थी। पीएसएलवी-सी62 ने स्पेन के एक स्टार्टअप द्वारा विकसित 25 किलोग्राम वजन के केआईडी कैप्सूल को भी लेकर उड़ान भरी थी, जो पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश करने में सक्षम वाहन का एक छोटा प्रोटोटाइप था। 'ऑर्बिटल पैराडिगम' ने कहा, ''हमारे केआईडी कैप्सूल ने तमाम मुश्किलों के बावजूद पीएसएलवी-सी62 से अलग होकर काम करना शुरू किया और डाटा भेजना शुरू कर दिया।''

## दिल्ली गोलीबारी घटनाएं: हमलावरों ने वाहन छोड़ा

### लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से संबंधों की जांच

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के दो व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से कथित तौर पर जुड़े दो मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को गोलीबारी की और बाद में वाहन छोड़कर भाग गये। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि यह वाहन चोरी का था। सूत्रों ने बताया कि हमलावरों ने सबसे पहले पश्चिम विहार में एक सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' के जिम पर गोलीबारी की और बाद में पश्चिम विनोद नगर में एक प्रॉपर्टी डीलर के घर पर हमला किया। सूत्रों के अनुसार अमेरिका में रहने वाले गैंगस्टर एवं लॉरेंस बिश्नोई के सहयोगी रणदीप मलिक ने इन हमलों की जिम्मेदारी ली है। हालांकि, पुलिस को संदेह है कि घटना को हाशिम बाबा गिरोह के गुर्गों ने अंजाम दिया था। सूत्रों के अनुसार, हमलावरों ने पश्चिम विनोद नगर की घटना के तुरंत बाद पूर्वी दिल्ली में अपनी मोटरसाइकिल छोड़ दी और भाग गए। सूत्रों ने बताया कि यह दोपहिया वाहन हाल में हरियाणा से चोरी हुआ था, जिससे इस बात की आशंका और बढ़ गई है कि हमलावरों ने भागने की पूर्व नियोजित रणनीति अपनाई थी। पुलिस ने बताया कि हमलावरों की उम्र 25 साल से कम थी और उन्होंने अपनी पहचान छिपाने के लिए हेलमेट पहन रखे थे और संदेह है कि वे हाशिम बाबा गिरोह के सदस्य तथा उत्तर-पूर्वी दिल्ली के निवासी हैं।

## कश्मीर भीषण ठंड की चपेट में, डल झील का कुछ हिस्सा जमा

**श्रीनगर :** कश्मीर में न्यूनतम तापमान के शून्य से नीचे गिरने के कारण बुधवार को यहां की प्रसिद्ध डल झील के कुछ हिस्से और घाटी में कई जलाशयों का पानी जम गया। कश्मीर घाटी में इस समय 'चिल्ला-ए-कलां' का दौर जारी है, जो 40 दिनों की भीषण ठंड की अवधि होती है। इस दौरान बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक होती है। 'चिल्ला-ए-कलां' 21 दिसंबर को शुरू हुआ था और यह 30 जनवरी को समाप्त होगा। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर में मंगलवार रात न्यूनतम तापमान शून्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के दर्ज किए गए तापमान (शून्य से 4.9 डिग्री सेल्सियस नीचे) से भी कम रहा। वहीं, दक्षिण कश्मीर में शोपियां घाटी का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां पारा शून्य से 7.5 डिग्री सेल्सियस नीचे तक पहुंच गया।

## शत्रुजीत कपूर आईटीबीपी के महानिदेशक नियुक्त, प्रवीण कुमार को बीएसएफ की कमान

**नयी दिल्ली :** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी शत्रुजीत सिंह कपूर को बुधवार को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया। वह मौजूदा आईटीबीपी महानिदेशक प्रवीण कुमार की जगह लेंगे, जिन्हें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का नया प्रमुख बनाया गया है। भारतीय पुलिस सेवा के 1990 बैच के अधिकारी कपूर इस समय अपने कैडर राज्य हरियाणा में कार्यरत हैं। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, उन्हें 31 अक्टूबर 2026 तक यानी उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि तक आईटीबीपी का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। आईटीबीपी के मौजूदा प्रमुख प्रवीण कुमार को बीएसएफ का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है। पश्चिम बंगाल कैडर के 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी कुमार को 30 सितंबर 2030, यानी उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि तक इस पद पर नियुक्त किया गया है।



## उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और राजस्थान में दूषित पेयजल के मामले में एनजीटी का सीपीसीबी, अन्य को नोटिस

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के कई शहरों में निवासियों को दूषित जल की आपूर्ति किए जाने से जुड़ी मीडिया की खबरों पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और अन्य से जवाब मांगा है। अधिकरण ने दूषित जल की कथित आपूर्ति के संबंध में दो समाचार पत्रों की खबरों का स्वतः संज्ञान लिया। अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की पीठ ने कहा कि एक खबर में गंभीर स्वास्थ्य जोखिम को रेखांकित किया गया है क्योंकि कथित तौर पर उदयपुर, जोधपुर, कोटा, बांसवाड़ा, जयपुर और अजमेर सहित राजस्थान के कई शहरों में दशकों पुराने और जंग लगी पाइपलाइन के कारण सीवेज का पानी पेयजल की पाइपलाइन में मिल गया था। पीठ ने कहा कि खबर में राजस्थान के शहरों में इंदौर जैसी त्रासदी का दावा किया गया है। हाल में इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी पीने से फैले दस्त के कारण सात लोगों की मौत हो गई थी। अध्यक्ष ने दूसरी खबर का भी संज्ञान लिया, जिसके अनुसार ग्रेटर नोएडा (सेक्टर डेल्टा 1) के कई निवासी दूषित पानी पीने के बाद उल्टी और दस्त जैसे लक्षणों के साथ बीमार पड़ गए थे। इसी खबर में यह भी आरोप लगाया गया है कि मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के कुछ हिस्सों में पेयजल में ई. कोलाई बैक्टीरिया पाया गया है, जिसका कारण ट्यूबवेल में सीवेज का रिसाव है। अधिकरण ने कहा, ''उठाए गए मुद्दे गंभीर पर्यावरणीय और जन स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं पैदा करते हैं और प्रथम दृष्टया पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम और जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के उल्लंघन का संकेत देते हैं।'' अधिकरण ने सीपीसीबी, राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकारों, उनके संबंधित प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों से जवाब मांगा है।



## न्यूज ब्रीफ

### उत्तर प्रदेश और पंजाब के बीच मैच से होगा पीडब्ल्यूएल का आगाज

**नोएडा:** यूपी डोमिनेटर्स टीम के सामने प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) के मौजूदा सत्र के शुरुआती मैच में पंजाब रॉयल्स की चुनौती होगी। इस मुकाबले में सबसे ज्यादा नजरें दो बार की अंडर-20 विश्व चैंपियन और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अंतिम पंघाल पर होंगी। अंतिम महिला 53 किग्रा वर्ग में पंजाब रॉयल्स की मीनाक्षी से भिड़ेंगी। महिला 62 किग्रा वर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता एना गोडिनेज का मुकाबला अंडर-23 विश्व पदक विजेता निशा दहिया से होगा हैवीवेट (125 किग्रा) वर्ग में यूपी डोमिनेटर्स के 19 वर्षीय एशियाई चैंपियनशिप रजत पदक विजेता जसपूरन सिंह का सामना पंजाब के आकाश से हो सकता है। यूक्रेन के यूरोपीय चैंपियन वासिल मिखाइलोव पुरुषों के मिडलवेट वर्ग (86 किग्रा) में जब रॉयल्स के बागोमेदोव अदा के खिलाफ मुकाबले के लिए उतरेंगे तो तकनीकी रोमांच देखने को मिलेगा।

### भारत-पाकिस्तान टी20 विश्व कप मुकाबले के लिए टिकटों की बिक्री शुरू होते ही ठप हुई वेबसाइट

**नयी दिल्ली:** भारत-पाकिस्तान टी20 विश्व कप मुकाबले के टिकटों की बिक्री शुरू होते ही बुधवार को आधिकारिक वेबसाइट 'बुकमायशो' ठप (क्रैश) हो गई। पुरुषों के टी20 विश्व कप के लिए टिकटों की दूसरी चरण की बिक्री शुरू होने के कुछ ही मिनटों बाद कोलंबो में होने वाले इस बहुप्रतीक्षित मैच को लेकर भारी मांग उमड़ पड़ी। इस चरण में भारत-पाकिस्तान मुकाबले के टिकट शामिल किए गए थे, जिसके चलते वेबसाइट पर ट्रैफिक अचानक बहुत बढ़ गया। एक साथ बड़ी संख्या में लोगों के लॉगिन करने और टिकट खरीदने की कोशिशों के कारण वेबसाइट के सर्वर दबाव नहीं झेल पाए और ठप हो गए। सूत्र ने बताया,'कई उपयोगकर्ताओं ने लेनदेन विफल होने और लंबे समय तक इंतजार की शिकायत की।

# मिचेल के शतक से न्यूजीलैंड की दमदार वापसी, वनडे श्रृंखला 1-1 से बराबर



**राजकोट:** डेरिल मिचेल की नाबाद 131 रन की शानदार शतकीय पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में सात विकेट से जीत दर्ज कर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। निरंजन शाह स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने 285 रन के लक्ष्य को 15 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही, लेकिन इसके बाद विल यंग और डेरिल मिचेल ने पारी को संभालते हुए तीसरे विकेट के लिए 162 रन की अहम साझेदारी की। यंग ने 98 गेंदों में 87 रन की संयमित पारी खेली, जबकि मिचेल ने 117 गेंदों में नाबाद 131 रन बनाते हुए भारत के खिलाफ अपना तीसरा वनडे शतक पूरा किया। दोनों बल्लेबाजों ने स्पिनरों के खिलाफ धैर्य और समझदारी से खेलते हुए रन गति बनाए रखी। इससे पहले भारत ने केएल राहुल की नाबाद 112 रन की शतकीय पारी के सहारे सात विकेट पर 284 रन बनाए। राहुल ने 91 गेंदों की अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का लगाया। कप्तान शुभमन गिल ने 56 रन बनाए, जबकि रविंद्र जडेजा ने 27 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए क्रिस्टियन क्लार्क ने तीन विकेट चटकाए, वहीं जेडन लेनॉक्स और माइकल ब्रेसवेल ने किफायती गेंदबाजी की। भारतीय स्पिन आक्रमण घरेलू परिस्थितियों में भी प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहा। कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा महंगे साबित हुए, जिसका पूरा फायदा न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने उठाया। श्रृंखला का निर्णायक तीसरा वनडे रविवार को इंदौर में खेला जाएगा।

## वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में रोहित को पीछे छोड़कर फिर से शीर्ष पर पहुंचे कोहली




**दुबई:** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में शानदार अर्धशतक बनाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में रोहित शर्मा को पीछे छोड़कर फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। यह 37 वर्षीय बल्लेबाज जुलाई 2021 के बाद पहली बार नंबर एक रैंकिंग पर पहुंचा है। पहले वनडे में सस्ते में आउट होने के कारण पूर्व कप्तान रोहित तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। भारत ने रविवार को खेले गए पहले मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया था। इस मैच में कोहली ने 91 गेंदों पर 93 रन बनाए। इस पारी के दौरान वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए। वनडे में कोहली का हाल का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने पिछले पांच मैच में कम से कम अर्धशतक जरूर लगाया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 74 रन, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 135, 102 और नाबाद 65 रन और न्यूजीलैंड के खिलाफ 93 रन बनाए। कोहली ने अक्टूबर 2013 में पहली बार शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी। उन्होंने 11वीं बार बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। वह अब तक कुल 825 दिन शीर्ष पर रह चुके हैं जो किसी भारतीय बल्लेबाज का रिकॉर्ड है। भारत के वनडे कप्तान शुभमन गिल ने अपना पांचवां स्थान बरकरार रखा है, जबकि श्रेयस अय्यर शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज हैं। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डैरिल मिचेल पहले वनडे में 71 गेंदों पर 84 रन की तूफानी पारी खेलने से एक पायदान आगे दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह कोहली (785 अंक) से केवल एक रेटिंग अंक पीछे हैं। मिचेल के साथी खिलाड़ी डेवोन कॉनवे तीन पायदान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में पांच पायदान ऊपर चढ़कर बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## अंडर-19 विश्व कप: छठे खिताब की तलाश में अमेरिका के खिलाफ भारत से करेगा आगाज



**बुलावायो (जिम्बाब्वे):** कई उभरते सितारों से सजी भारतीय अंडर-19 टीम गुरुवार को यहां अपेक्षाकृत कमजोर मानी जा रही अमेरिका की टीम के खिलाफ बड़े जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत कर छठा विश्व कप खिताब जीतने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहेगी। अब तक खेले गए 16 अंडर-19 विश्व कप में भारत पांच बार चैंपियन बन चुका है और इस बार भी उसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट ने अतीत में विराट कोहली, रोहित शर्मा, शुभमन गिल, केन विलियमसन, जो रूट और स्टीव स्मिथ जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को दुनिया के सामने लाने का काम किया है। भारत ने 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में खिताब जीता, जबकि 2024 में उसे फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम हालिया प्रदर्शन के आधार पर संतुलित और मजबूत नजर आ रही है। पिछले 16 मैचों में 13 जीत दर्ज करने वाली इस टीम ने इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी परिस्थितियों में भी श्रृंखला जीतकर अपनी क्षमता साबित की है। टीम की बल्लेबाजी की कमान कप्तान आयुष म्हात्रे, उपकप्तान विहान मल्होत्रा, प्रतिभाशाली वैभव सूर्यवंशी और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज आरोन जॉर्ज संभालेंगे। जॉर्ज अंडर-19 एशिया कप में 228 रन बनाकर भारत के शीर्ष स्कोरर रहे थे। महज 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के कारण पहले से ही क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बने हुए हैं। तेज गेंदबाजी में दीपेश देवेंद्रन अपने अनोखे एक्शन के साथ टीम के लिए अहम भूमिका निभा सकते हैं, जबकि आरएस अंबरीश, किशन सिंह और हेनिल पटेल भी उपयोगी साबित हो सकते हैं। उत्कर्ष श्रीवास्तव की अगुवाई वाली अमेरिकी टीम के लिए भारत को कड़ी चुनौती देना आसान नहीं होगा। भारत को ग्रुप-बी में अमेरिका, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। अमेरिका के बाद भारत 17 जनवरी को बांग्लादेश और 24 जनवरी को न्यूजीलैंड से भिड़ेगा।

# सिंधू पहले दौर में बाहर, श्रीकांत, प्रणय और मालविका ने दर्ज की जीत



**नयी दिल्ली:** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को बुधवार को इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा, जिससे वह प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। हालांकि पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत और एच. एस. प्रणय तथा महिला एकल में मालविका बंसोड़ ने जीत दर्ज कर दूसरे दौर में जगह बनाई।दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने वियतनाम की थुई लिन एनगुएन के खिलाफ पहला गेम जीतने के बाद मुकाबला गंवा दिया। एक घंटा आठ मिनट तक चले इस मैच में सिंधू को 22-20, 12-21, 15-21 से हार झेलनी पड़ी। यह एनगुएन के खिलाफ उनकी लगातार तीसरी हार रही। मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद घरेलू प्रशंसकों को उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी।पुरुष एकल में पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने शानदार वापसी करते हुए थारुन मानेपल्ली को 15-21, 21-6, 21-19 से हराया। अब उनका सामना फ्रांस के पांचवें वरीय क्रिस्टो पोपोव से होगा। एच. एस. प्रणय ने हांगकांग के ली चेयुक यिउ को सीधे गेमों में हराकर अगले दौर में प्रवेश किया, जहां वह सिंगापुर के लोह कीन येव से भिड़ेंगे। महिला एकल में मालविका बंसोड़ ने चीनी ताइपे की पाइ यु पो को हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला चीन की हेन युइ से होगा। वहीं तन्वी शर्मा कड़े मुकाबले में हारकर बाहर हो गईं।युगल वर्ग में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी को मिले वाकओवर को छोड़कर सभी भारतीय जोड़ियां पहले दौर में ही बाहर हो गईं।

### यह मेरा दिन नहीं था, इस स्तर पर आप आसान मुकाबलों की उम्मीद नहीं कर सकते: सिंधू

**नयी दिल्ली:** भारत की स्टार महिला एकल खिलाड़ी पीवी सिंधू ने इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के पहले दौर में बुधवार को तीन गेम में शिकस्त के बाद कहा कि यह उनका दिन नहीं था और इस स्तर पर आसान अंकों या आसान जीत की उम्मीद नहीं की जा सकती। पिछले हफ्ते मलेशिया ओपन सुपर 1000 के सेमीफाइनल में पहुंची सिंधू ने मैच के बाद कहा, ''मुझे नहीं लगता कि यह मेरा दिन था। उसके (एनगुएन के) खिलाफ खेलना आसान नहीं होता। उसके पास अच्छे शॉट हैं और आपको लय बरकरार रखनी होती है। अहम लम्हों में छोटी-छोटी गलतियां निर्णायक होती हैं और मैंने महत्वपूर्ण समय में गलतियां की।

## टी20 विश्व कप से पहले पाकिस्तान में तीन मैच खेलेगा ऑस्ट्रेलिया

**लाहौर:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को बताया कि भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया लाहौर में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से पहले 29 और 31 जनवरी तथा एक फरवरी को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में दिन रात्रि टी20 मैच खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया विश्व कप के ग्रुप मैच भारत में खेलेगा, जबकि पाकिस्तान को अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलने हैं। यह अप्रैल 2022 के बाद पहला अवसर होगा जबकि ऑस्ट्रेलिया टी20 श्रृंखला के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम 28 जनवरी को लाहौर पहुंचेगी। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले साल चैंपियंस ट्रॉफी के कुछ मैच पाकिस्तान में खेले थे। पाकिस्तान के चयनकर्ता इस सप्ताह के आखिर में मुख्य कोच माइक हेसन और कप्तान सलमान अली आगा के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला और विश्व कप के लिए टीम को अंतिम रूप देंगे। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी की मंजूरी के बाद अगले सप्ताह टीम की घोषणा की जाएगी।

## दिल्ली कैपिटल्स ने यूपी वॉरियर्स को सात विकेट हराया



**नवी मुंबई :** दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में बुधवार को यहां यूपी वॉरियर्स को सात विकेट से शिकस्त दी। यूपी वॉरियर्स को आठ विकेट पर 154 रन पर रोकने के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने तीन विकेट गंवाकर आखिरी गेंद पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली कैपिटल्स के लिए लिजेल ली ने सबसे ज्यादा 67 रन का योगदान दिया। यूपी वॉरियर्स के लिए दीप्ति शर्मा ने दो विकेट लिये।



## सीआईआई ने हरित हाइड्रोजन के प्रोत्साहन के लिए खाका तैयार करने का सुझाव दिया



**नयी दिल्ली:** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सरकार से हरित हाइड्रोजन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नियम और प्रोत्साहन का खाका तैयार करने का अनुरोध किया है। हरित हाइड्रोजन ऐसा स्वच्छ ईंधन है, जो पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाता और पारंपरिक हाइड्रोजन की जगह उद्योगों में इस्तेमाल किया जा सकता है। उद्योग मंडल ने सुझाव दिया है कि रिफाइनिंग, उर्वरक और गैस उत्पादन जैसे बड़े उद्योगों में हरित हाइड्रोजन को मिलाकर इस्तेमाल किया जाए। इसके लिए सरकार कार्बन क्रेडिट (उत्सर्जन घटाने पर लाभ), सब्सिडी और उत्पादन लागत कम करने जैसे उपायों के जरिये उद्योगों को मदद भी दे सकती है। इससे हरित हाइड्रोजन सस्ता होगा और ज्यादा उद्योग इसका इस्तेमाल कर पाएंगे। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि भारत ने पिछले साल स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में नया रिकॉर्ड बनाया, जब देश में गैर-जीवाश्म ऊर्जा की कुल क्षमता 266.78 गीगावाट तक पहुंच गई। उन्होंने कहा कि अब अगला कदम हरित हाइड्रोजन जैसी नई प्रौद्योगिकी को अपनाना है। उद्योग मंडल ने यह भी सुझाव दिया कि रेलवे, सड़क, आवास और पुल निर्माण जैसी सार्वजनिक ढांचागत परियोजनाओं में हरित हाइड्रोजन से तैयार 10-15 प्रतिशत इस्पात, अमोनिया एवं सीमेंट की खरीद को अनिवार्य किया जा सकता है। इससे मांग बढ़ेगी, कीमत कम होगी और निवेशकों को भरोसा मिलेगा।

## निर्यात तैयारी सूचकांक में चौथे स्थान पर पहुंचा उत्तर प्रदेश : सरकार

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश ने नीति आयोग द्वारा बुधवार को जारी 'निर्यात तैयारी सूचकांक...2024' में चौथा स्थान प्राप्त किया है। राज्य सरकार ने बुधवार को एक बयान में यह कहा है। बयान के मुताबिक नीति आयोग निर्यात तैयारी सूचकांक 2024 में उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए चौथा स्थान तथा भूमि से घिरे (लैंड लॉक्ड) राज्यों में प्रथम स्थान हासिल किया है। वर्ष 2022 की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश कुल मिलाकर सातवें स्थान पर और भूमि से घिरे राज्यों में दूसरे स्थान पर था। बयान के अनुसार, केवल दो वर्षों में यह बड़ी छलांग राज्य के निर्यात क्षेत्र में हुए व्यापक सुधारों और योगी आदित्यनाथ सरकार की निर्यात-प्रोत्साहन नीतियों का परिणाम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में निर्यात अवसंरचना को सुदृढ़ करने, लागत प्रतिस्पर्धा बढ़ाने, विविध उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने और कारोबारी माहौल को सुगम बनाने पर विशेष बल दिया गया। बयान के मुताबिक उत्तर प्रदेश निर्यात प्रोत्साहन नीति, एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना तथा अन्य पहल निर्यात को गति देने में महत्वपूर्ण साबित हुई हैं। सरकार द्वारा माल भाड़ा व्यय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मेलों/प्रदर्शनियों में भागीदारी, गुणवत्ता प्रमाणीकरण, ई-कॉमर्स ऑनबोर्डिंग शुल्क, भाड़े तथा निर्यात क्रेडिट गारंटी पर प्रतिपूर्ति जैसी सुविधाओं ने निर्यातकों का लागत बोझ कम किया है और उन्हें वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाया है।

# बीते वर्ष चीन को भारतीय निर्यात में वृद्धि, व्यापार घाटा 116 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर



**बीजिंग:** चीनी सीमा शुल्क ने बुधवार को यहां जारी वार्षिक व्यापार आंकड़ों में बताया कि चीन को होने वाले भारतीय निर्यात में 2025 के दौरान सालाना आधार पर 5.5 अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि इस अवधि में व्यापार घाटा 116.12 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। आंकड़ों के मुताबिक 2025 में द्विपक्षीय व्यापार भी 155.62 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। चीन को होने वाला भारतीय निर्यात पिछले साल जनवरी से दिसंबर के बीच बढ़कर 19.75 अरब डॉलर हो गया। यह 9.7 प्रतिशत की वृद्धि है, जो राशि के मामले में 5.5 अरब डॉलर बैठती है। वहीं दूसरी ओर, भारत को होने वाला चीनी निर्यात पिछले वर्ष 12.8 प्रतिशत बढ़कर 135.87 अरब डॉलर हो गया। दोनों देशों के बीच व्यापार में तेजी आ रही है और कुल द्विपक्षीय व्यापार 2025 में 155.62 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान दोनों देशों को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्क में की गई वृद्धि का सामना करना पड़ा। हालांकि चीन के साथ व्यापार घाटा भारत के लिए एक समस्या बना हुआ है और यह पिछले साल 116.12 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वर्ष 2023 के बाद यह दूसरी बार है, जब व्यापार घाटा 100 अरब डॉलर के पार गया है। साल 2024 में व्यापार घाटा 99.21 अरब डॉलर था, जिसमें चीन का निर्यात कुल 113.45 अरब डॉलर था और चीन को होने वाला भारत का निर्यात 14.25 अरब डॉलर पर स्थिर था। चीन के वार्षिक व्यापार आंकड़े जनवरी से दिसंबर तक की अवधि दर्शाते हैं, जबकि भारत अपने आंकड़े मार्च से अप्रैल (वित्त वर्ष) के आधार पर जारी करता है।

## वेदांता के शेयर में छह प्रतिशत की तेजी, बाजार पूंजीकरण 2.64 लाख करोड़ पहुंचा

**नयी दिल्ली:** विभिन्न कारोबार से जुड़े वेदांता के शेयर में बुधवार को छह प्रतिशत का उछाल आया और वह रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। इसके साथ कंपनी का बाजार पूंजीकरण 2,64,224.92 करोड़ रुपये पहुंच गया। इस महीने अब तक शेयर में करीब 12 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। बीएसई में शेयर बुधवार को 6.06 प्रतिशत चढ़कर 675.70 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 6.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 679.40 रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचा था। एनएसई में यह 6.04 प्रतिशत की तेजी के साथ 675.75 रुपये पर रहा। इस तेजी के साथ कंपनी का बाजार पूंजीकरण बढ़कर 2,64,224.92 करोड़ रुपये हो गया। इस महीने अभी तक बीएसई पर शेयर में 11.88 प्रतिशत का उछाल आया है। शेयर पिछले साल करीब 36 प्रतिशत चढ़ा था। जहां वेदांता के शेयर में तेजी आई, वहीं घरेलू शेयर बाजार में नरमी का रुख रहा।

## लगातार दूसरे दिन बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 245 अंक फिसला



**मुंबई:** वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने के बीच आईटी और चुनिंदा बैंक शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 245 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 66 अंक की गिरावट आई। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी की निकासी लगातार जारी रहने और अमेरिकी शुल्क संबंधी नई अनिश्चितताओं ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 244.98 अंक यानी 0.29 प्रतिशत गिरकर 83,382.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 442.49 अंक फिसलकर 83,185.20 अंक पर आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 66.70 अंक यानी 0.26 प्रतिशत टूटकर 25,665.60 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एशियन पेंट्स, मारुति, सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, टाटा स्टील, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में तेजी रही। विश्लेषकों ने कहा कि बाजार में चुनिंदा शेयरों की लिवाली और धातु, जिंस और ऊर्जा शेयरों में निवेशकों की दिलचस्पी से सूचकांकों की गिरावट सीमित रही। बजाज ब्रोकिंग रिसर्च ने कहा, भारी उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू शेयर बाजार के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए।

## अमेरिका ने करीब 75 देशों के नागरिकों के लिए वीजा जारी करने की प्रक्रिया रोकी

**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने लगभग 75 देशों के व्यक्तियों के लिए वीजा जारी करने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। यह कदम उन ऐसे प्रवासियों पर नकेल कसने के प्रयासों का हिस्सा है जो सरकार पर बोझ बन सकते हैं। अमेरिका के विदेश विभाग ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह प्रतिबंध तब तक लागू रहेगा जब तक अमेरिका यह सुनिश्चित नहीं कर लेता कि नए अप्रवासी, अमेरिकी लोगों से धन-संसाधन का दोहन नहीं करेंगे।'' इस प्रतिबंध से सोमालिया, हैती ईरान और इरिट्रिया सहित कई देश प्रभावित हुए हैं, जिनके अप्रवासी अक्सर अमेरिका पहुंचने पर सरकार पर बोझ बन जाते हैं। बयान में कहा गया, ''हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि अमेरिकी जनता की उदारता का अब दुरुपयोग न हो।

## न्यूज अपडेट

### थोक महंगाई दिसंबर में आठ महीने के उच्च स्तर 0.83 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली:** थोक मुद्रास्फीति में लगातार दूसरे महीने वृद्धि जारी रही और दिसंबर 2025 में यह आठ महीने के उच्च स्तर 0.83 प्रतिशत पर पहुंच गई। खाद्य पदार्थों, गैर-खाद्य वस्तुओं और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में मासिक आधार पर बढ़ोतरी से इसमें वृद्धि दर्ज की गई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति नवंबर में शून्य से नीचे 0.32 प्रतिशत और अक्टूबर में शून्य से नीचे 1.02 प्रतिशत रही थी। दिसंबर 2024 में थोक मुद्रास्फीति 2.57 प्रतिशत थी। उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा, 'मुद्रास्फीति बीते महीने मुख्य रूप से अन्य विनिर्माण, खनिजों, मशीनरी एवं उपकरणों के विनिर्माण, खाद्य उत्पादों के निर्माण और वस्त्र आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण बढ़ी।'

### नए श्रम कानूनों से इन्फोसिस पर दिसंबर तिमाही में 1,289 करोड़ रुपये का वित्तीय बोझ

**नयी दिल्ली:** भारत की दूसरी सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी इन्फोसिस ने बुधवार को अपने दिसंबर तिमाही के नतीजों की घोषणा करते हुए बताया कि नए श्रम कानूनों के लागू होने से उसे 1,289 करोड़ रुपये के एकमुश्त असाधारण वित्तीय बोझ का सामना करना पड़ा। इससे पहले इसी सप्ताह टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने कहा था कि दिसंबर तिमाही के दौरान नए श्रम कानूनों के लागू होने से उस पर 2,128 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रभाव पड़ा है। नोएडा स्थित एचसीएल टेक ने नए श्रम कानूनों के लिए 719 करोड़ रुपये का एकमुश्त प्रावधान किया है।

### जेप्टो, स्विगी इंस्टामार्ट, फ्लिपकार्ट मिनट्स ने 10 मिनट में आपूर्ति की ब्रांडिंग हटाई

**नयी दिल्ली:** सरकार की सख्ती के बाद 10 मिनट में सामान पहुंचाने की अपनी सेवाओं की ब्रांडिंग को ब्लिंकिट के बाद त्वरित आपूर्ति कंपनियों जेप्टो, स्विगी इंस्टामार्ट और फ्लिपकार्ट मिनट्स ने भी हटा दिया है। यह कदम चंद मिनटों में सामान पहुंचाने की जल्दबाजी के चलते आपूर्तिकर्ताओं की सुरक्षा एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए सरकार और श्रमिक अधिकार समूहों की चिंताओं के बाद उठाया गया है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने पिछले सप्ताह हितधारकों के साथ हुई एक बैठक में क्विक कॉमर्स कंपनियों से डिलीवरी साझेदारों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए कहा था। मांडविया ने सुझाव दिया था कि सामान को पहुंचाने की सख्त समय-सीमा, खासकर 10 मिनट में डिलीवरी जैसी प्रतिबद्धताएं हटाई जानी चाहिए। विशेषज्ञ यह आशंका जता चुके हैं कि अत्यधिक त्वरित आपूर्ति का वादा डिलीवरी करने वाले कामगारों पर अनावश्यक दबाव डालता है, जिससे सड़क सुरक्षा से समझौता हो सकता है और दुर्घटनाओं का जोखिम भी बढ़ सकता है। सरकार के निर्देश के बाद ब्लिंकिट ने मंगलवार को 10 मिनट में आपूर्ति की सेवा संबंधी वादे को अपने मंच से हटा दिया था। बुधवार को जेप्टो, स्विगी इंस्टामार्ट और फ्लिपकार्ट मिनट्स ने भी अपने मंच से 10 मिनट में सामान पहुंचाने का वादा करने वाली ब्रांडिंग को हटा दिया।

### शैडोफैक्स का आईपीओ 20 जनवरी को खुलेगा, मूल्य दायरा 118-124 रुपये प्रति शेयर

**नयी दिल्ली:** लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता शैडोफैक्स ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 118-124 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि 1,907 करोड़ रुपये का आईपीओ 20 जनवरी को खुलेगा और 22 जनवरी को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 19 जनवरी को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ 1,000 करोड़ रुपये के नए शेयर और 907.27 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इससे कुल शेयर की राशि 1,907.27 करोड़ रुपये बैठती है। शैडोफैक्स को फ्लिपकार्ट, टीपीजी, एट रोड्स वेंचर्स, मिराए एसेट वेंचर्स और नोकिया ग्रोथ फंड्स जैसे प्रमुख निवेशकों का समर्थन प्राप्त है। कंपनी के शेयर 28 जनवरी को बाजार में सूचीबद्ध हो सकते हैं।

वर्ष 10, पूर्णांक 3474 अंक 284, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in